## शहर में आज

- समाजवादी पार्टी कार्यालय चक्कर की मिलक पर लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक 11 :00 बजे
- हुल्का देवी मंदिर पर बसौड़ा मेला सुबह 7 :00 बजे

## एक नजर

### शिलापट में मिली खामियां दुरुस्त करने के निर्देश

**अगवानपुर, अमृत विचार :** लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से नगर की सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शिलापट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री एके शर्मा के साथ-साथ नगर अध्यक्ष गुलरेज खान व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के नाम लिखे हुए हैं। लेकिन सड़क निर्माण कार्य की लागत का ब्योरा शिलापट पर नहीं लिखा गया है। इतना ही नहीं सड़क की चौड़ाई भी शिलापट पर नहीं लिखी गई है। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने ठेकेदार को एक सप्ताह में शिलापट दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

### अर्द्धसैनिक बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

**मैनाठेर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैनाठेर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही लोगों से सद्भाव से रहने की अपील की। सोमवार को थाना प्रभारी सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ नगर पंचायत महमदपुर माफी से संभल रोड से होते हुए मुरादाबाद रोड, नगलिया मसकूल बघा मैनाठेर, डींगरपुर, रसूलपुर, ताहरपुर, नानकार, मलक फत्तेपुर, मसेवी, जटपुरा, इमरतपुर, फरीदपुर के मुख्य रास्तों पर फ्लैग मार्च किया।

### पुलिस ने 1.30 लाख की नकदी बरामद की

**डिलारी, अमृत विचार :** सोमवार को डिलरा चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने आचार संहिता का उल्लंघन करने पर एक कार से 1,30,500 रुपये की नकदी बरामद की। मुरादाबाद के मोहल्ला खुशहाल नगर निवासी मनोज सिक्का अल्टो कार से चुनाव में खर्च करने को 1,30,500 रुपये लेकर जा रहा था। सेक्टर मजिस्ट्रेट व थाना डिलारी पुलिस ने नकदी बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# जनपद में अभी भी जमा नहीं हो पाए 5933 शस्त्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, जिले में हैं 18727 शस्त्र लाइसेंस**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की दृष्टि से इन दिनों पुलिस जिले में जारी शस्त्र लाइसेंसों को जमा कराने में जुटी है। अब तक कुल 12,794 शस्त्र लाइसेंस जमा भी कराए जा चुके हैं। वैसे जिले में कुल 18,727 शस्त्रों के लाइसेंस हैं। जिन्हें जमा कराया जा रहा है। कुल शस्त्रों में से अभी भी 5,933 शस्त्र जमा कराया जाना बाकी है। इन शस्त्रों के जमा कराने के लिए पुलिस संबंधित लाइसेंस धारकों को लगातार संपर्क कर रही है।

नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि शस्त्र जमा होने में उन लोगों के शस्त्र को जमा करने से छूट दी जा रही है जिन्हें वाकई इनकी जरूरत है। इसके लिए संबंधित के आवेदन की जांच करने के लिए टीम बनी है, जो विभिन्न संबंधित बिंदुओं की जांच में संतुष्ट होने और आवेदनकर्ता की तरफ शस्त्र की जताई गई आवश्यकता उचित मिलने पर ही उसे शस्त्र जमा न करने से छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से अब तक 38 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त भी कराए गए हैं। इनके अलावा कुछ और लोगों को भी चिह्नित किया गया है, जिनके शस्त्र निरस्त कराने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि यदि शस्त्र धारक की मृत्यु हो गई है और संबंधित शस्त्र को जमा नहीं किया गया है अथवा शस्त्र धारक ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इन परिस्थितियों में संबंधित के शस्त्र निरस्त करने के लिए रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी जा रही है।

## वाहनों के अधिग्रहण से प्रभावित रहेंगे कॉलेज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रशासन के सामने वाहनों के अधिग्रहण की चुनौती है। 1000 से अधिक छोटे-बड़े वाहन मतदान में लगेंगे।

अभी फिलहाल छोटे वाहनों को अधिग्रहीत कर सचल दल, प्रेक्षकों व स्टेटिक टीम को दिया गया है। अब मतदान के लिए सरकारी व निजी बसों के अलावा स्कूल-कॉलेजों में संचालित बसों, वैन को भी प्रशासन ने अपनी सूची में शामिल किया है। स्कूली वाहनों का अधिग्रहण कर उन्हें 17 अप्रैल से ही मतदान कार्य के लिए ले लिया जाएगा। 17 से लेकर 19 तक इन वाहनों के प्रयोग होने से छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने का संकट खड़ा होगा। वाहन व्यवस्था के प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि बड़े वाहनों में सरकारी बस, कॉलेज, स्कूलों के बस, वैन आदि भी अधिग्रहीत करने के लिए नोटिस भेज दिए गए हैं।

## मतदान करने के लिए राशन की दुकानों व पेट्रोल पंपों पर लगाए पोस्टर, स्टीकर

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व संदेश से कर रहे जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत पूर्ति विभाग की ओर से पेट्रोल पंपों, सरकारी राशन की दुकानों, गैस एजेंसियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चुनाव का पर्व, देश का गर्व संदेश के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए 19 अप्रैल को घर से निकलकर बूथ पर पहुंचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

लोकतंत्र में दें योगदान, 19 अप्रैल को करें मतदान, चुनाव का पर्व, देश का गर्व आदि संदेशों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पहल कराई जा रही है। इसमें पूर्ति विभाग भी जुटा है। जिले के सार्वजनिक



राशन की दुकान पर लगा पोस्टर।



पेट्रोल पंप पर लगा पोस्टर।

वितरण प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सभी राशन की दुकानों, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों पर लोगों को पहले चरण में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सभी पेट्रोल पंपों पर इससे संबंधित स्टीकर व पोस्टर लगाए गए हैं। वहां पर आने वाले ग्राहकों को भी पहले मतदान, फिर जलपान, चुनाव का पर्व, देश का गर्व आदि के जरिए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों पर भी लोकतंत्र में दें योगदान, 19 अप्रैल को करें मतदान का स्टीकर चिपका कर घरों में भेजा जा रहा है। वहीं गैस आपूर्ति करने वाले वाहनों पर भी स्टीकर

**▸▸ पहले चरण में मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को होना है मतदान**

लगाए गए हैं। साथ ही पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल, डीजल भराने आने वाले वाहनों पर भी स्टीकर लगाकर उनसे मतदान करने की अपील कर्मचारी कर रहे हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए विभाग की ओर से गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, राशन की दुकानों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सभी से अपील है कि अपने बहुमूल्य मत का सदुपयोग मतदान कर करें। जिससे लोकतंत्र को और मजबूत किया जा सके।

# मतदाताओं की शिकायतों का करें निस्तारण

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में एमसीएमसी सेंटर का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सोमवार को डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर निर्वाचन कार्यालय और एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) सेंटर का कलेक्ट्रेट में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने टोल फ्री नंबर पर आ रही शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता इमरान, कुलदीप, गायत्री से बात कर टोल फ्री नम्बर 1950 पर आई शिकायतों के निस्तारण का भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को डीसीसी सेंटर, राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं मॉनीटरिंग कर शिकायतों का 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कहा कि शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण न होने पर कार्रवाई होगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।


निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### 19 अप्रैल को सभी करें मतदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत एसी ब्रदर्स कंपनी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उन्होंने मतदाताओं को 19 अप्रैल को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि मतदान पर्व के दिन 19 अप्रैल को सभी को अवश्य मतदान करना है। उन्होंने सभी कर्मियों को जिम्मेदारी दी कि एकजुटता के साथ स्वयं व अपने परिवार और आसपास के सभी जनसामान्य को बूथ पर ले जाकर मतदान कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

### सीओ ने शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ रोड स्थित एक इंटर कालेज में सीओ सिविल लाइन ने स्थानीय लोगों के साथ लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें लोगों से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की गई। वहीं आने वाले त्योहार ईद व नवरात्रों पर भी आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। लोकसभा चुनाव को लेकर हिमगिरि कॉलोनी स्थित इंटर कॉलेज में एक पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में आए क्षेत्रवासियों और सम्मानित व्यक्तियों से सीओ सिविल लाइन ने 19 अप्रैल होने वाले लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की। इस मौके पर हरथला चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार और चौकी के दारोगा व सिपाही भी मौजूद रहे। इनके अलावा नईम रजा आदि मौजूद रहे।

## कंजरी सराय में मकान के दूसरे तल पर लगी आग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के कंजरी सराय में सोमवार दोपहर बाद मकान के दूसरे तल पर आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।

बचाव कार्य में लगे कर्मियों ने बताया कि मकान जिंदल पुत्र कुंदन का है। उधर, हरनदेई पत्नी राजेश का कहना है कि उसने एक-डेढ़ साल पहले मकान मालिक को 2.50 लाख रुपये उधार दिए थे। उसकी परिस्थिति काफी खराब थी। उधार वाले रुपये से वह ई-रिक्शा खरीद कर लाया था, उसे भी उसने बेच दिया। हरनदेई ने बताया कि मकान मालिक उसके उधार वाले रुपये नहीं लौटा रहा था तो उसने उसके मकान के दूसरे तल पर अपनी मूंज रखकर कब्जा कर लिया था। वह मूंज की रस्सी बनाकर बेचने का काम करती है। महिला ने आरोप लगाया कि मकान के दूसरे तल पर उसकी करीब दो लाख रुपये से खरीदी मूंज रखी थी, जिसे मकान मालिक ने ही जला दिया है।

# 7.45 लाख की नकदी पकड़ी बैरियर पर रही कड़ी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर बनाए गए बैरियर और उन पर कड़ी निगरानी से पुलिस टीमों को बड़ी सफलता मिली है। पिछले दिनों से लेकर अब तक इन टीमों ने कुल 7.45 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। यह वह नगदी है, जिसके संबंध में संबंधित लोग पुलिस टीमों को साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। इस धनराशि को जिला कोषागार में सुरक्षित किया गया है।

बताया जा रहा है कि यदि समय रहते संबंधित लोग बरामद धनराशि के विषय में साक्ष्य उपलब्ध करा देंगे तो उन्हें उनकी रकम वापस कर दी जाएगी। नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं। यह सभी टीमें जिले के बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतरराज्यीय और मुरादाबाद जिले से सटे जिलों की सीमा पर कुल 55 बैरियर बनाए हैं। ये बैरियर सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं।

### 31.47 लाख की कच्ची शराब बरामद

नोडल अधिकारी ने बताया कि एसएसटी एवं एफएसटी टीमों और थाना पुलिस की सक्रियता के कारण इधर दो-ढाई महीने में 749 लोगों से कुल 12,352 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की जा चुकी है। इसकी कुल कीमत करीब 31.47 लाख रुपये है। इसी तरह 56 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद की गई है। इसकी कीमत लगभग 15,000 रुपये है। इसके अलावा अन्य मादक पदार्थों में 15 किग्रा गांजा, 11 किग्रा चरस, 28 किग्रा डोडा और 15 किग्रा अन्य मादक पदार्थ की बरामदगी की गई है। यह मादक पदार्थ कुल 104 लोगों से बरामद किया गया है। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई है।



**संदेश :** 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मुरादाबाद में वोट पड़ेंगे। जिसके चलते चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा फेस पेंटिंग व स्लोगन द्वारा लोगों को मतदान के प्रति कुछ इस तरह जागरूक किया गया। ● अमृत विचार

## कार्यदायी संस्था की लापरवाही लोगों पर भारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी का कार्य कर ही कार्यदायी संस्था की लापरवाही से बिजली विभाग के अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं।

सोमवार सुबह 11 बजे से पीटीसी बिजलीघर के तीन फीडर पर संस्था की लेबर को कार्य करना था। जिसके लिए अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने 11 बजे से 3 बजे तक का शटडाउन दिया था। लेकिन संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने एसडीओ पीटीसी का फोन नहीं उठाया। 11 बजे से दो बजे तक बिना किसी कार्य के महानगरवासियों को बिजली कटौती झेलनी पड़ी। कार्य में लापरवाही पर तत्कालीन नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को अनुबंध निरस्त करने की चेतावनी दी थी।

## प्रतिभाशाली छात्रों को मिला स्वर्ण पदक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को एसएस चिल्ड्रन एकेडमी कांठ रोड में सुबह 8 बजे से कक्षा 2 से 9 व 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल ने विद्यालय निदेशक सुनील अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. अनिल अग्रवाल, निदेशक अपूर्व अग्रवाल व उपप्रधानाचार्य सुप्रिया अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस अवसर पर दिए अपने संबोधन में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सर्वप्रथम सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं आगामी सत्र के लिए नियमित रूप से विद्यालय में मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को क्रमशः स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा कांस्य पदक देकर एवं शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। रिजल्ट अनाउंसमेंट सेरेमनी का संचालन विद्यालय प्रवक्ता डॉ. प्रशांत कुमार ने किया।

# क्षेत्र का चतुर्दिक विकास कराने वाला हो सांसद

**ऐसा हो हमारा सांसद...**

संवाददाता, पाकबड़ा

**▸▸ जनता की आवाज को संसद में पुरजोर तरीके से उठाने वाला होना चाहिए जनप्रतिनिधि**

**अमृत विचार :** लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।12 उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इन्हीं में से मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करा सके।

मतदाताओं का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो परेशानी में जनता के बीच खड़ा रहे। लोगों के सुख-दुख में शामिल हो। जो भी जनता की समस्याएं हों वह उनका समय से निस्तारण कराने में सक्षम हो। ऐसा ना हो की सांसद बनने के बाद वह जनता के हाथ ही ना आए। जनता की उम्मीदों पर हमेशा खरा उतर सके। जो भी सड़कें खराब पड़ी है उनको जल्द से जल्द ठीक कराए। जो भी विकास कार्य हों वह धरातल पर दिखाई देने चाहिए। क्षेत्र की समस्याओं को संसद में उठा सके और उनका निराकरण करा सके। बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे। ना कि जाति और धर्म के आधार पर। नगर की सड़के भी क्षतिग्रस्त हैं। सांसद ऐसा होना चाहिए जो जाति और धर्म के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत के हिसाब से सड़कों का निर्माण कराए। आज के समय में स्वास्थ्य और शिक्षा आम जन की सबसे बड़ी समस्या है। शिक्षा के नाम पर जो निजी स्कूलों की मनमानी चल रही है। स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। फीस को लेकर स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिस कारण बहुत से बच्चे अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ पा रहे हैं। इस पर विचार करने वाला हमारा सांसद हो।


“हमारा सांसद ईमानदार होना चाहिए। क्योंकि जब वह ईमानदार होगा तो भ्रष्टाचार की ओर ध्यान नहीं देगा। नहीं तो विकास के नाम पर भ्रष्टाचार ही बढ़ेगा। सांसद ऐसा हो लोगों की समस्याओं का समय से निदान करें। अपने वादों पर खरा उतरे। जनता के विकास की ओर ध्यान दें न कि अपने विकास की सोचे।”
–असलम, पाकबड़ा


“जनप्रतिनिधि ऐसा हो जो किसी भी धर्म से आता हो। लेकिन, धर्म और जातियों के नाम पर आपस में लोगों को न बांटे। सभी के साथ मिलकर रहे। जाति-धर्म से ऊपर उठकर विकास कार्य कराने वाला जनप्रतिनिधि होना चाहिए। सभी धर्म और जाति के लोगों की समस्याओं को सुनने वाला सांसद होना चाहिए।”
–जीशान, शनिवार का बाजार पाकबड़ा


“हमारा सांसद ऐसा हो जो आज के समय में स्कूलों की मनमानी चल रही है। उस पर अंकुश लगा सके। सरकारी स्कूलों का शिक्षा का स्तर खराब है। जिसकी वजह से प्राइवेट स्कूलों की मनमानी चल रही है। अगर हमारे सरकारी स्कूलों की दशा सुधर जाए तो प्राइवेट स्कूलों की मनमानी नहीं चल पाएगी।”
–अंकित गुप्ता, कैलसा रोड, पाकबड़ा


“सांसद ऐसा हो जो भी सरकारी योजनाएं हों वह आम जनता तक पहुंचे। ऐसा न हो कि उन योजनाओं का लाभ सिर्फ सांसद के करीबी ही उठाएं। क्योंकि जीतने के बाद वह सभी का सांसद होता है। चाहे कोई वोट दे या ना दे। सभी को बराबर सम्मान मिलना चाहिए। सभी को योजनाओं का लाभ बराबर मिलना चाहिए।”
–राजकुमार सिंह, पाकबड़ा

**पुलिस की सख्ती** — चुनाव में खलल डालने वालों को चिह्नित कर बड़ी संख्या में चालान कर रही पुलिस

# पुलिस ने 49,824 अपराधियों के चालान किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ पुलिस चिह्नित अपराधियों को अगले एक सप्ताह में पाबंद करेगी, जेल से छूटे अपराधियों पर भी नजर**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से पुलिस अपराधियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। अब तक 49,824 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चालान की कार्रवाई की है। यही नहीं, 27,000 से अधिक लोगों को पाबंद कर दिया है। चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकते हैं, ऐसे लोगों को पुलिस तलाश कर न सिर्फ उन्हें कार्रवाई की हिदायत दे रही है, बल्कि निजी मुचलका पर पाबंद भी किया जा रहा है।

एसपी क्राइम/नोडल अधिकारी (चुनाव) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले की पुलिस ने अब तक 49,824 लोगों का सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) की धारा 107/16 में चालान कर चुकी है। इन सभी को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। इन्हें कम से कम दो लाख या इससे अधिक धनराशि के तहत पाबंद किया जा रहा है। चालानी और पाबंद की कार्रवाई में 234 वह अपराधी भी शामिल किए गए हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में गुंडा अधिनियम की कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक चालानी व पाबंदी की कार्रवाई में उन सभी आरोपियों को शामिल किया गया है जो हिस्ट्रीशीटर, गोकश, संपत्ति संबंधी अपराध से जुड़े हैं या फिर अन्य अपराधों से जुड़े हैं। एसपी क्राइम ने बताया कि चालानी व पाबंद की कार्रवाई उन पर भी की जा रही है जो पिछले तीन वर्षों में जेल से छूटकर बाहर आए हैं और वह अपराध में सक्रिय है अथवा झगड़ा-फसाद करने में सक्रिय रहते हैं। ऐसे लोगों की संख्या करीब 7300 है। इनके विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए पुलिस के चुनाव कार्यालय से उनका विवरण संबंधित थानों में भेज दिया गया है। इनमें कुछ ऐसे भी अपराधी हैं, जो जेल से रिहा होने के बाद भी अपराध में सक्रिय हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस गुंडा अधिनियम में भी कार्रवाई की गई है। इनमें जेल से बाहर आए अपराधियों में वह लोग जो रंगदारी, डकैती, गृहभेदन आदि मामलों में लिप्त रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए विवरण थानों पर भेजा है।

### लापता 160 हिस्ट्रीशीटरों को खोज रही पुलिस

एसपी क्राइम ने बताया कि जिले में 1877 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 160 लापता हैं, जिन्हें पुलिस खोज रही है। इन सभी हिस्ट्रीशीटरों में जो अभी भी अपराध में सक्रिय हैं, उनके विरुद्ध गुंडा अधिनियम में भी कार्रवाई की जा रही है।

## मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसएस चिल्ड्रन एकेडमी गर्ल्स स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मृदुल अग्रवाल के ने वार्षिक परीक्षाफल का परिणाम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नर्सरी से लेकर कक्षा 9 व 11वीं तक के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को पुरस्कार एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएं नित नई ऊंचाइयों को छूने का प्रयास करें। विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त करने वाली पांच छात्राओं को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन बीना व नजर फातिमा ने किया। इस मौके सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बंद कर नई पेंशन लागू करने के विरोध में जिला अस्पताल के अटेवा (ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाया। साथ ही कर्मचारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

सोमवार दोपहर को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारी व सदस्य जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर एकत्र हुए और नई पेंशन योजना (एनपीएस) के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने बताया कि अटेवा ने 1 अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक मांगे पूरी नहीं करती अटेवा काला दिवस मनाता रहेगा। 1 अप्रैल को सभी शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारियों ने कार्य स्थलों पर अपनी बाजू पर काली पट्टी बांध कर इस काले कानून का विरोध किया और पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने बताया कि अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के साथ मिलकर पुरानी पेंशन के मुद्दे पर निरंतर संघर्षरत है। पुरानी पेंशन बहाल होने तक संघर्ष जारी रहेगा।


जिला अस्पताल में नारेबाजी करते अटेवा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**▸▸ अटेवा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध**



**रमजान मुबारक**

**मंगलवार 22वां रोजा**
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 36 मिनट
शिया- 6 बजकर 43 मिनट

**बुधवार 23वां रोजा**
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 37 मिनट
शिया- 4 बजकर 35 मिनट


















## मोहित को उसके दोस्त ने ही मारी थी गोली, दो नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छजलैट में संदलीपुर गांव में घायल अवस्था में मिले मोहित को उसके ही दोस्त ने गोली मारी थी। मोहित छज्जुपुरा दोयम के निवासी थे। घायल के भाई मुकेश कुमार ने इस मामले में छजलैट थाने में आरोपी कपिल और उसके साथी अमित के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले के आरोप में एफआईआर भी दर्ज करा दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के गांव छज्जुपुरा दोयम के मुकेश कुमार ने तहरीर देकर बताया है कि 29 मार्च को शाम करीब सात बजे संदलीपुर के कपिल ने कॉल करके उनके भाई मोहित को चमन की दुकान पर बुलाया था। मुकेश ने बताया कि रविवार को उनके भाई मोहित ने बताया कि कपिल उसे अपने खेत पर ले गया था। खेत में अमित पहले से मौजूद था। अमित छज्जुपुरा दोयम निवासी है। मुकेश का आरोप है कि अमित और कपिल ने खेत में उसके भाई मोहित के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर कपिल ने तमंचा निकाल कर मोहित को गोली मार दी थी, जो उसके पेट में लगी थी। छजलैट थानाध्यक्ष अर्जुन त्यागी ने बताया कि घायल के भाई मुकेश की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।





**लापरवाही :** बुध बाजार में पिछले काफी समय से स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य चल रहे हैं। लेकिन, कार्यदायी संस्था सुस्त गति से कार्य कर रही है। अभी तक न तो बुध बाजार में पूरी तरीके से अतिक्रमण हटाया गया है और न ही कार्य में ही कोई तेजी दिखाई दे रही है। जिसके कारण दुकानदारों और वहां आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते यहां लोग रोजाना दिनभर जाम में फंसे रहते हैं। ● अमृत विचार

# नये सत्र के पहले दिन स्कूलों में पहुंचे विद्यार्थी, साथियों से मिलकर हुए खुश

### बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में अभी पुरानी किताबों का ही सहारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में सोमवार से नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। ग्रीष्मकालीन समय सारिणी से सुबह 8 बजे शिक्षक व छात्र स्कूल में पहुंचे। कई स्कूलों में समय से शिक्षक नहीं पहुंचे तो कहीं बच्चे देर से आए। वहीं पुरानी किताबों का सहारा छात्रों को रहा।

बेसिक शिक्षा परिषद के 1401 स्कूलों में नये शैक्षणिक सत्र के पहले दिन कई जगह छात्रों की संख्या कम रही। नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क स्कूल में भी कक्षा में उपस्थिति कम रही। वहीं महानगर के अन्य स्कूलों में भी यही स्थिति रही। प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा ने बताया कि पहले दिन कुछ कक्षाओं में उपस्थिति कम रही। पहले दिन कक्षाओं में बच्चों का स्वागत किया गया। जिन्होंने रिपोर्ट कार्ड शनिवार को नहीं लिया था उन्हें रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। नया नामांकन इस महीने 30 अप्रैल तक चलेगा। कई कक्षाओं में बच्चों ने अपने वरिष्ठ छात्रों की पुस्तकों से पढ़ाई की। क्योंकि नई किताबें अभी स्कूलों में नहीं पहुंची हैं। वहीं नगर शिक्षाधिकारी मनोज बोस ने बताया कि पहले दिन कक्षाओं में छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। वह नई क्लास में आकर बच्चे काफी खुश रहे। बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत इस महीने नामांकन पर जोर रहेगा। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते टेंडर फंस गया है। अब इसमें निर्वाचन की दरों के अनुसार अनुमति लेकर टेंडर दो चार दिन में फाइनल कराएंगे। किताबों का वितरण इसी महीने हर हाल में कराएंगे।



कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क में बच्चों को पढ़ाती शिक्षिका। ● अमृत विचार

### जिले को निपुण घोषित करने में करें सहयोग

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने नये सत्र के पहले दिन शिक्षकों, संकुल प्रभारियों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों आदि को संदेश भेजकर शुभकामना दी। साथ ही अपील करते हुए कहा कि नये शैक्षिक सत्र में विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक नवीन नामांकन करने का प्रयास करें। हाउसहोल्ड सर्वे के माध्यम से आउट ऑफ स्कूल बच्चों एवं दिव्यांग बच्चों को चिह्नित करते हुए विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन कराएं। निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति कराते हुए विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित कराएं। जिससे जिले को निपुण जनपद के रूप में घोषित किया जा सके।

शिक्षकों से नये नामांकन बढ़ाने के लिए कहा है। अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की है।

## पुनरुत्थान दिवस पर निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में प्रभु यीशु के पुनरुत्थान दिवस के उपलक्ष्य में शोभा यात्री निकाली गई। जिसमें मसीही समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शोभायात्रा में लोग प्रभु यीशु के जन्म के गीत गाते चल रहे थे। लोगों ने शोभायात्रा में आपसी भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही प्रभु यीशु के संदेशों को अपनाने का आह्वान किया। ईस्टर के उपलक्ष्य में सुबह से ही कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सोमवार शाम चार बजे से ईस्टर पर्व पर विशाल झांकी शहर के पारकर इंटर कॉलेज से ताड़ीखाना, टाउन हाल, कोतवाली, गंज बाजार, गुरहट्टी से जेल रोड, आंबेडकर पार्क, पीली कोठी होते हुए मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज आकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा शहर के समस्त गिरजाघरों के पादरी पास्टर बृजेश मेन्सल, पास्टर रोहित मैसी, पास्टर डेविड जेम्स, हिमांशु मनी, पास्टर डेनिएल मसीह आदि की अगुवाई में निकली।

इस दौरान वालंटियर अन्तिम सिंह, मैथयूज आर मैसी, जॉर्ज बेंजामिन, शलभ सिंह, नवनीत मैसी, सुरेंद्र लाल, संजय लाल, शैलेन्द्र सिंह, विकास वाटसन, आशीष आदि द्वारा समुचित व्यवस्था की गई।

शोभा यात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु के जन्म के गीत गाते चल रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल रहे। इस दौरान बच्चों व अन्य लोगों ने प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की। जिससे लोगों ने उनके जीवन को जाना।

शोभायात्रा में ऊंट व अन्य वाहनों पर झांकियां निकाली गई। युवतियां भी हाथों में मोमबत्तियां लेकर चल रही थीं। वहीं सुरक्षा को लेकर शोभायात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पारकर कॉलेज से निकली ईस्टर की शोभायात्रा में शामिल मसीही समाज के लोग।

**आयोजन**

▸▸ **मसीही समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे का दिया संदेश, यीशु के संदेशों को अपनाने का आह्वान**

## मंदिर के बाहर अवैध स्टैंड संचालित करते पांच पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **हुल्का देवी मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं से कर रहे थे वसूली**

**अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कपूर कंपनी तिराहे पर बाइक स्टैंड संचालित हो रहा था। यह स्टैंड हुल्का देवी मंदिर के बाहर सड़क किनारे संचालित हो रहा था। पुलिस ने इस बाइक स्टैंड को अवैध बताकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

हुल्का देवी मंदिर रेलवे परिसर में स्थित है। यहां हर वर्ष होली के अगले दिन से बसौड़ा मेला लगता है। यहां आने वाले लोग अपने वाहन कपूर कंपनी तिराहे से फव्वारा चौक के बीच सड़क किनारे खड़े कर देते हैं। पिछले कुछ दिनों से पांच-छह युवक सड़क किनारे दो पहिया वाहनों को खड़ा कराकर उनसे 20-20 रुपये वसूल रहे थे। इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि अवैध वसूली की शिकायत पर रविवार रात पुलसकर्मी सादे कपड़ों में मौके पर गए थे। वहां अवैध स्टैंड के बारे में जानकारी की थी। सूचना पक्की होने पर दरोगा ब्रजेश कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचकर मौके पर स्टैंड संचालकों की घेराबंदी की थी। पांच आरोपी अवैध स्टैंड संचालित करते मिले, जिन्हें पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मझोला थाना क्षेत्र के लाइन पार दुर्गा मंदिर के पास का निवासी प्रमोद कुमार और सचिन, कांठ थाना क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा गांव निवासी पारुल सैनी, रामपुर कोतवाली क्षेत्र के हजरतनपुर निवासी अशोक सैनी के रूप में हुई। इसके साथ ही पुलिस ने मैनाठेर के गांव गुरेर निवासी विकास को भी दबोचा है।

## किशोरी को भगा कर ले जा रहे युवक को पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जा रहे युवक को पिता ने परिजनों के साथ रेलवे स्टेशन से दबोच लिया और थाने ले गए। किशोरी के पिता की तहरीर पर मझोला थाना पुलिस ने समीर चौधरी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

मझोला थाना क्षेत्र की कांशीराम नगर चौकी क्षेत्र निवासी किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात उनकी 16 वर्षीय बेटी गायब हो गई। थोड़ी देर बाद ही पता चला कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आशियाना फेज-2 निवासी समीर चौधरी उसकी बेटी को बहला-फुसला कर अगवा करके ले गया है। परिवार के लोग बेटी को खोजते हुए रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे, जहां उनकी बेटी अपने प्रेमी के साथ मिल गई थी। फिर रात में ही इन दोनों को लेकर किशोरी के पिता व अन्य परिजन मझोला थाने पर पहुंच गए। पिता ने आरोपी समीर चौधरी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पति समेत पांच के विरुद्ध रिपोर्ट, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दहेज हत्या**

▸▸ **दो साल पहले हुई थी चंचल की शादी, ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप**

**अमृत विचार :** विवाह के दो साल चार महीने के अंतराल में ही अतिरिक्त दहेज के चक्कर में विवाहिता की जान चली गई। इस मामले में मृतक महिला की मां ने दामाद समेत पांच के विरुद्ध मझोला थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। घटना 29 मार्च 2024 की बताई जा रही है। नामजद अभियुक्तों में पुलिस ने अभी तक मृतका के पति, ससुर और सास को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अन्य आरोपियों की तलाश हो रही है।



चंचल का फाइल फोटो।

मृतक चंचल की मां कांता ने पुलिस को बताया है कि वह बी-ब्लॉक मकान नंबर 504 कांशीराम की निवासी हैं। उनकी बिटिया चंचल अपने दो भाइयों से बड़ी थी। उन्होंने बेटी की शादी 29 नवंबर 2021 को गौरव सक्सेना पुत्र राकेश सक्सेना के साथ की थी। गौरव दुर्गा धाम कॉलोनी सूर्यनगर लाइनपार का रहने वाला है। आरोप है कि शादी के बाद से ही गौरव और उसके घर वाले चंचल को अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। दबाव बनाने के लिए उसे मारते-पीटते थे। लेकिन, 29 मार्च 2024 की रात करीब 8.30 बजे तो हद ही हो गई। चंचल को उसके पति गौरव, ससुर राकेश सक्सेना, सास रानी सक्सेना और ननद नैनसी व चचेरे ससुर ने एक राय होकर उसे जहर दे दिया। जिसके सेवन से चंचल की मौत हो गई थी। कांता का कहना है कि घटना की रात एक बजे उनके पति चंद्र प्रकाश के पास बिटिया की ससुराल से फोन आया। खबर पाकर रात में ही मायके वाले बिटिया की ससुराल पहुंचे थे। जहां, मायके-ससुराल पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी भी हुई। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। इस के साथ ही मृतक चंचल की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज हत्या, दहेज प्रताड़ना एवं क्रूरता के आरोप में मामला दर्ज किया है। इन आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दहेज के लिए मजबूर करने के मामले में भी आरोपी बनाया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी पति गौरव व इसके पिता राकेश सक्सेना, मां रानी सक्सेना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। राम तलैया पुलिस चौकी इंचार्ज विनय कुमार ने बताया कि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इस पूरे मामले की विवेचना सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में दाखिल करेंगे, जिससे पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके।

### बेटी के जन्म होने पर घर से निकाल दिया था

कांता ने बताया कि उनके पति चंद्रप्रकाश ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बिटिया चंचल से छोटे उसके दो भाई हैं, जो अभी मेहनत-मजदूरी करने में सक्षम नहीं हैं। कांता ने बताया कि उनकी बेटी चंचल की गोद में करीब एक साल की बिटिया थी। इसके जन्म होने पर उसकी सास ने घर से निकाल दिया था। लेकिन, बाद में दामाद गौरव ने आकर समझौता कर लिया था।

**जागरूकता** — रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताए हाथ धोने के तरीके

## छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद की ओर से शांति निकेतन इंटर कॉलेज रामगंगा विहार में हैंडवॉश जागरुकता अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्लब के अध्यक्ष शरमिताभ सिन्हा ने बच्चों को हाथ धोने के तरीके बताकर स्वच्छता रखने के लिए जागरूक किया।

कहा कि हमें कुछ भी खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। यह आपको कई खतरनाक बीमारियों से भी बचाता है। हाथों को कम से कम 20 सेकेंड तक साबुन से या हैंडवाश से अवश्य धुलना चाहिए। इससे हम निमोनिया, इन्फ्लूएंजा, फ्लू, सर्दी-खांसी आदि जैसे बीमारियों के संक्रमण से बच सकते हैं। अभियान में बच्चों को हैंडवॉश और पर्सनल हाइजीन किट जिसमें सैनिटाइजर, टूथपेस्ट, टूथ ब्रश, कंघा, रुमाल आदि वितरित किया गया। क्लब के सदस्य राजेश खन्ना ने बच्चों को बताया कि हैंडवाश अच्छी आदत है और हम सभी को इसे नियमित रूप से अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए और दूसरों को भी स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान क्लब के अन्य सदस्यों के अलावा स्कूल के प्रबंधक गिरिश चंद्रा, प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने सहयोग किया।




हैंडवाश किट वितरण के बाद बच्चों के साथ रोटरी क्लब मुरादाबाद के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

### वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम को गंभीरता जरूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण व एवं दस्तक अभियान का सोमवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इसमें सभी से मिलकर बीमारियों की रोकथाम करने और लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से रैली पीलीकोठी चौराहा होते हुए कम्पनी बाग पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव व अन्य संबंधित चिकित्साधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी, आशा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी के साथ मिलकर दोस्त की हत्या करने के आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कार चालक गौरव सिंह की हत्या करने के आरोपी उसके दोस्त अमित कुमार उर्फ बॉबी व इसकी पत्नी समेत तीन के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। इसमें बॉबी के साथ ही उसकी पत्नी कुसुमलता व एक अन्य सोनू उर्फ जयवीर पर भी गैंगस्टर लगा है। आरोप है कि इन लोगों ने हत्या करने के बाद ई-रिक्शा चालक की मदद से गौरव के शव को लोकोशेड पुल के पास झाड़ियों में फेंका था।

मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि वर्तमान में तीनों आरोपी अमित कुमार उर्फ बॉबी, कुसुमलता और सोनू उर्फ जयवीर जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इन लोगों ने संगठित गिरोह बना रखा है। इनका गैंग लीडर अमित कुमार उर्फ बॉबी है। ये लोग आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए षडयंत्र कर हत्या जैसी संगीन घटनाएं करते हैं।

थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के संबंध में दर्ज एफआईआर में विवेचना उपरांत साक्ष्य संकलन के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इन तीनों अभियुक्तों का जन सामान्य में भय व आतंक व्याप्त हो गया, स्थिति ये है कि इनके विरुद्ध कोई गवाही देने तक को तैयार नहीं हो रहा है। ऐसे में इन तीनों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई किया जाना आवश्यक हो गया था।

▸▸ **बेइज्जती का बदला लेने को दोस्त ने पत्नी के साथ मिलकर की थी कार चालक की हत्या**

### यह था मामला

थानाध्यक्ष ने बताया कि गौरव सिंह (32) मूलरूप से बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव का निवासी था। वह महानगर में दिल्ली रोड स्थित कार शोरूम के मालिक चिंतन जैन की गाड़ी चलाता था। वह पत्नी और बच्चों के साथ कटघर के गोविंद नगर में किराये के मकान में रहता था। 31 अगस्त को रक्षाबंधन पर पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई थी। अगली सुबह गौरव सिंह का शव लोकोशेड मोक्षधाम के पास झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला घोटकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने लाइन पार गायत्री नगर निवासी कार चालक अमित कुमार उर्फ बॉबी को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। बॉबी मूलरूप से संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बाबई का रहने वाला है। पूछताछ में बॉबी ने गौरव से उसकी दोस्ती और घटना की बात स्वीकारी थी। गौरव की हत्या में बॉबी की पत्नी कुसुमलता ने भी मदद थी। शव को ठिकाने लगाने में हनुमान नगर निवासी ई-रिक्शा चालक जयवीर उर्फ सोनू ने मदद की थी।

**एक नजर**

### विकास भवन में मनरेगा लोकपाल की हुई नियुक्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुक्त ग्राम्य विकास ने बुद्धि विहार निवासी महेश चंद को विगत 16 मार्च को मनरेगा लोकपाल के पद पर नियुक्त किया है। वह मनरेगा से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण करेंगे। विकास भवन स्थित जिला ग्राम्य विकास अभिकरण में महेश चंद की मनरेगा लोकपाल के पद पर नियुक्ति की गई है। इससे पहले वह प्रथमा बैंक चीफ मैनेजर के पद रहे है। उनका संघ से जुड़ा होना उनके लिए वरदान साबित हुआ।

## एक नजर

### युवती को भगा ले जाने पर दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से युवती को बहला-फुसला कर भगा कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने युवक सहित महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता के अनुसार 29 मार्च की शाम को उसकी पुत्री घर से कहीं चली गई थी। जानकारी पर पता चला कि उसकी पुत्री को विजेंद्र निवासी पुरा मझोला थाना बहजोई संभल बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। इसमें पूजा नाम की महिला ने उसका साथ दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

### अवैध संबंधों के विरोध पर महिला से की मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पति के भाभी से अवैध संबंध का विरोध करने पर महिला से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। महिला अपने साथ दो वर्ष की बेटी को लेकर कोतवाली पहुंची और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति के अपनी भाभी से अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। महिला ने बताया कि उसकी दो वर्ष की बेटी भी है। जब उसने पति की इन हरकतों का विरोध किया तो उन्होंने खर्चा देना भी बंद कर दिया। महिला का आरोप है कि 1 अप्रैल को जब वह पति को समझा रही थी तभी उसकी जेठानी व सास ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर जेठानी व सास पर कार्रवाई की मांग की।

### पत्नी के साथ मारपीट करने पर गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महिला से मारपीट करने के मामले में जांच करने पहुंची पुलिस के सामने ही आरोपी पति पड़ोसियों से मारपीट करने लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के गांव पानू वाला निवासी महिला मेहनाज ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसका पति सरफराज आए दिन बिना वजह मारपीट करता है। सोमवार को पुलिस जब मौके पर जांच करने पहुंची तो सरफराज आसपास के लोगों के समझाने की बात कहने पर उनसे ही मारपीट करने पर आमादा हो गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

# हजरत अली की शहादत पर मजलिस

## शिया समुदाय ने इमामबाड़े में किया आयोजन, निकाला जुलूस

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़े में हजरत अली के गम में मजलिस का आयोजन किया गया। साथ ही गम का जुलूस भी निकला गया जिसमें बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे।

सोमवार सुबह की नमाज के बाद नगर स्थित हजरत इमामबाड़ा अबूतालिब अले. में हजरत अली की शहादत के गम में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अफाक आलम जैदी ने कहा कि हजरत अली की अजमत यह है कि आपकी पैदाइश खाना ए काबा में हुई और हजरत अली की शहादत मस्जिद में हुई। उन्होंने गरीबों की मदद की। हजरत इमाम अली अले. को कूफे की मस्जिद में 19 रमजान को नमाज की हालात में सजदे के दौरान अब्दुल रहमान इब्ने मुल्जिम ने सिर पर तलवार से वार करके जख्मी कर दिया था। जिससे हजरत इमाम अली की 21 रमजान को शहादत हो गई थी। हजरत अली की शहादत सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गई। नम आंखों के बीच हजरत इमाम अली का शबीह ए ताबूत बरामद हुआ। इस दौरान अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अल मुर्तज़ा, अंजुमन अकबरी ने नोहा ख्वानी की तथा जूलूस मरहूम नजमुल हसन रिज़वी के अजाखाने में पहुंच कर समाप्त हुआ। वही अख्तर हसनैन रिज़वी के अजाखाने में महिलाओं की मजलिस हुई व शबीह ए ताबूत बरामद हुआ। हज़रत अली शहादत के गम में शिया समुदाय ने शोक दिवस मनाते हुए काले कपड़े पहन लिए और अजाखनों व देर शाम हज़रत अली अले. की शिया समुदाय के हर घर में नज़र दिलाई गई।


हजरत अली के गम में शबीह ए ताबूत निकालते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### मौला अली का ताबूत बरामद, रोए अजादार

**अगवानपुर, अमृत विचार :** शिया समुदाय के पहले इमाम हजरत अली की शहादत पर शिया समुदाय में तीन दिन सोग रहा। नगर में जगह-जगह मजलिसों का आयोजन किया गया। हर तरफ या अली हाय अली के साथ-साथ गिरयाओ मातम की सदाए गूंजी। नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित शिया सादात मस्जिद में मौलाना मो. अब्बास नक़वी ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत अली की शहादत पर रोशनी डाली। मजलिस के बाद शबीहे ताबूते मौला अली बरामद किया गया। मजलिस में मर्सिएख्वानी नैय्यर अब्बास नकवी ने की, नोहेख्वानी आदिल नकवी ने की। मजलिस में शबी अब्बास, दानिश रजा, शब्बू नकवी, मो. अब्बास, इरशाद हुसैन, राहिल नकवी, यासीन नकवी, तसव्वर हुसैन, एजाज हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

### साइकिल सवार को मारी टक्कर, एफआईआर

**कांठ, अमृत विचार:** लगभग दो सप्ताह पूर्व एक जुगाड़ चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। एसएसपी के आदेश पर थाना कांठ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुरा निवासी चंद्रपाल सिंह 16 मार्च की शाम को रसूलपुर से मजदूरी कर साइकिल से लौट रहा था। जैसे ही वह महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा तो सामने से आ रही मोटरसाइकिल से बने जुगाड़ के चालक मोहल्ला पृथ्वी गंज निवासी नौशाद ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में चंद्रपाल घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को सीएचसी कांठ में उपचार हेतु लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां से उसे निजी अस्पताल में भेज दिया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार को थाना कांठ में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में पुरस्कृत बच्चों के साथ अतिथि।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अमरपुर काशी गांव स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया।

सोमवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की टॉपर नेहा यादव को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा सभी को शैक्षिक प्रमाण पत्र, संस्कृत ज्ञान परीक्षा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं एकल शिक्षक विद्यालय विजयपुर के तृतीय एवं चतुर्थ कक्षा के छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति आचार्य ब्रह्मचारी पांडे, पं. मोहनलाल शर्मा, पं. राघवेंद्र शर्मा, स्वामी ब्रह्मानंद, पं. विनोद कुमार शर्मा, ठाकुर अशोक पाल सिंह तोमर, मेघराज सैनी, शैलेंद्र चौहान, मुकेश यादव, शिवपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### गेहूं के दाम के साथ 20 रुपये सफाई के मिलेंगे

**छजलैट, अमृत विचार:** सरकार द्वारा इस वर्ष 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का रेट निर्धारित किया है, जिसके साथ 20 रुपये अतिरिक्त सफाई के भी किसान को मिलेंगे। किसान को कुल 2295 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान होगा। सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद 1 मई से 30 जून तक के लिए निर्धारित की है। जिसमें 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसान से गेहूं खरीदे जाएंगे। साथ ही 20 रुपये का अतिरिक्त भुगतान गेहूं की सफाई का भी किसानों को मिलेगा। यह जानकारी देते हुए केंद्र प्रभारी सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि इस वर्ष किसानों को 2295 का भुगतान होगा। यह धनराशि सीधे किसान के खाते में जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक 800 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि अपने गेहूं का पंजीकरण अवश्य करा दें और टोकन भी प्राप्त कर लें। ताकि समय से किसान का गेहूं खरीदा जा सके।


परीक्षाफल प्राप्त होने के बाद बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं।

## ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर के ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल कांठ में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को घोषित हुए वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा नर्सरी से अभिराज कश्यप प्रथम, कक्षा एलकेजी से हारून फरिहा प्रथम, कक्षा यूकेजी से माही प्रथम, कक्षा 1 से ऋषिका शर्मा प्रथम, कक्षा 2 से अखंड गुप्ता प्रथम, कक्षा तीन से आराध्या बिश्नोई प्रथम, कक्षा 4 से नित्या शर्मा प्रथम, कक्षा 5 से शौर्य प्रताप सिंह प्रथम, कक्षा 6 से असीम गर्ग प्रथम, कक्षा 7 से मानवी प्रथम व कक्षा 8 से समर्थ बिश्नोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक देवेंद्र बिश्नोई, गौरव बिश्नोई, शनि बिश्नोई ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सार-संक्षेप



रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते प्रभारी अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव।

### संचारी रोग नियंत्रण को निकाली रैली

**बिलारी, अमृत विचार :** शाहबाद रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी/ अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। रैली अलग-अलग स्थान से गुजरते हुए महिला अस्पताल में संपन्न हुई।

### रोहित का प्रोबेशनरी अधिकारी के पद पर हुआ चयन



**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता सूरजपाल सिंह के पुत्र रोहित कुमार( 23) का बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। जिससे शुभ चिंतकों में हर्ष है। सोमवार को आईबीपीएस (बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान) का रिजल्ट आया। जिसमें रोहित कुमार का आईबीपीएस के अंतर्गत प्रोबेशनरी अधिकारी (ग्रेड- 1)में चयन हुआ। जिससे परिवार में खुशी है। रोहित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है।


खंड शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करता प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

### खंड शिक्षा अधिकारी से समस्याओं के समाधान की मांग

**छजलैट, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई छजलैट का प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक संयोजक गौरव यादव के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट विकास कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी को भारत माता की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया एवं शिक्षकों की समस्याओं की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि एरियर प्रक्रिया को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूर्ण करा दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में रामानंद यादव, छत्रसैन तनेजा, गौतम सिंह, अखिलेश कुमारी, मोनिका राजपूत, सौम्या, अनम निदा, अंशु रानी, शुभम लांबा, शिवम कुमार, राहुल कुमार, रोहित यादव, जहीर आलम, शाहबाज अंसारी, शुभम विश्नोई, नितिन कुमार, विमल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### उधार की धनराशि मांगने पर फोड़ा सिर एफआईआर दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** उधार के रुपये मांगने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति का सिर फोड़ दिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज की। थाना पुलिस ने तहरीर पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को उपचार के लिए भेज दिया है।

थाना कांठ के ग्राम खान बिचपुरी निवासी जयवीर के गांव के ही जावेद पर लाइट फिटिंग के रुपये उधार थे। वह बहुत दिनों से उसके पैसे नहीं दे रहा था। रविवार को जब जयवीर उसके घर पैसे लेने पहुंचा तो जावेद ने अपने साथी के साथ मिलकर उससे मारपीट की और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी और उसका सिर फोड़ दिया। स्वजन घायल को लेकर थाना कांठ पहुंचे और दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जावेद व एक अज्ञात सहित दो लोगों के खिलाफ मारपीट व एससी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल उपचार के लिए भेज दिया है।


मुंसिफ कोर्ट रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

## नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े होने से लगा जाम, लोग परेशान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कोई कार्रवाई न होने से जाम लग गया। इस कारण दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार की शाम को उस वक्त जाम लग गया, जब चार पहिया वाहन चालक अपने वाहन कोतवाली के पीछे नो पार्किंग जोन में खड़े कर बाजार में खरीदारी करने चले गए। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाया तब लोगों ने राहत पाई। नगर पालिका के पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे, दुकानदार सत्यवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि का कहना है कि नो पार्किंग जोन क्षेत्र में खड़े वाहनों पर जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक जाम की स्थिति बनी रहेगी। वहीं इस संबंध में ईओ से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया, मगर संपर्क नहीं हो पाया।

### दहेज उत्पीड़न और मारपीट में आठ पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार:** पुलिस ने विवाहिता की मां की शिकायत पर पति सहित आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न व छेड़छाड़ कर घर से निकलने के प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना असमोली संभल निवासी विवाहिता की मां के अनुसार उसने अपनी बेटी की शादी 2 वर्ष पूर्व मुजफ्फर निवासी ग्राम चतुपुर थाना कुंदरकी से की थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन बाद ही उसकी बेटी को पति मुजफ्फर, ससुर जाहिद, सास हसीना, ननद तराना और शबनूर ननदोई फुरकान, मुशर्रफ आदि दहेज के लिए परेशान करने लगे। मांग पूरी न होने पर उससे मारपीट की। 31 मार्च को उसकी बेटी के पति ने दूसरी शादी कर ली। इस दौरान जाहिद और उसके बेटे रेहान ने उससे छेड़छाड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जागरुकता** रोगियों को चिह्नित कर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

# रैली से किया संचारी रोगों के प्रति जागरूक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** संचारी रोग नियंत्रण अभियान की ग्राम पंचायत सलेमपुर में शुरूआत हो गई। इसके तहत प्राथमिक विद्यालय द्वितीय से जागरुकता रैली निकाली गई। जिसे ग्राम प्रधान सचिन चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

15 दिन तक चलने वाले इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इतना ही नहीं संचारी रोगों से ग्रसित लोगों को चिह्नित कर उन्हें इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सचिन चौधरी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर आंगनबाड़ी कर्मियों और आशाओं को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के मद्देनजर ग्राम पंचायत सलेमपुर ने पूरी तैयारी कर ली है। रैली में संचारी रोगों से बचाव के उपकरण जिसमें फॉगिंग मशीन, लार्वा साईडर पंप आदि उपकरणों को भी रखा गया। 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। इस अभियान में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कर्मी शामिल थे। इस दौरान ग्राम प्रधान सचिन चौधरी, हाफिज तब्ससुल मिल्की, भाजपा नेता मौहम्मद सलमान आदि मौजूद रहे।



रैली निकालते छात्र-छात्राएं व ग्रामीण। ● अमृत विचार



## एक नजर

### तमंचा के साथ जीहल का ग्रामीण गिरफ्तार

**सैदनगली, अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तमंचा मिला है। सैदनगली थाने की पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी मुस्तफा निवासी जीहल को एक तमंचा के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनामी पकड़ा

**रहरा, अमृत विचार :** पुलिस ने नाबालिग को भगा कर ले जाने वाले के मामले में 25000 रुपये के इनामी वांछित आरोपी नीरज निवासी ग्राम बेरा थाना स्याना जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया। 13 मार्च 2024 को नीरज एक नाबालिग को भगा कर ले गया था। इसके संबंध में थाना रहरा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम घोषित किया था। सोमवार को उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र राठी व पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया।

### अय्यूब को मिली लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उझारी के रहने वाले



अय्यूब मलिक को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया। अय्यूब काफी समय से भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है, उसे ईमानदारी से निभाया जाएगा।

### सड़क हादसे में दो किसान घायल, मेरठ रेफर

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मकनपुर शुमाली निवासी चंद्रकिरन अपने दामाद अर्जुन के साथ रविवार रात गांव से दि किसान सहकारी चीनी मिल कालाखेड़ा में ट्रैक्टर-टिपलर से गन्ना लेकर जा रहा थे। अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी उपचार के लिए ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत होने पर दोनों को मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई से बौखला रहा विपक्ष

## भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विपक्ष पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष चुनाव तो तब लड़ेगा, जब टिकट फाइनल करेगा। अभी तो टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में मौजूद बसपा, कांग्रेस-सपा व आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार किया है। अब इन पर कार्रवाई हो रही है तो ये लोग शोर मचा रहे हैं। भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

सोमवार को भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के नामांकन के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश में सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन और पल्लवी पटेल की अपना दल (कमेरावादी) के गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि सभी को लोकतंत्र में अपने विचार के आधार पर वोट मांगने का अधिकार है। पल्लवी पटेल भी एक राजनीतिक दल की नेता हैं। विधायक हैं, ओवैसी भी एक दल के नेता हैं। इस लोकतंत्र में संविधान अधिकार देता है। पश्चिमी यूपी की 17 सीटों पर ठाकुर और त्यागी बिरादरी में दिख रही नाराजगी कहा कि यह हमारे पारिवारिक विषय हैं। विपक्ष के लोगों का षड्यंत्र है।



नामांकन पत्र देते भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी।

विपक्ष का हमेशा एजेंडा रहा है कि समाज में टकराव, तनाव बना रहे। इस एजेंडे के आधार पर वे सत्ता में रहे। कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा है। सबका साथ सबका विकास पर काम हो रहा है। विपक्षी दल द्वारा बदले जा रहे प्रत्याशियों के टिकट के सवाल पर कहा, ये लोग कंफ्यूज हैं और भ्रष्टाचारी हैं। समाजवादी पार्टी में चाचा-भतीजे में कभी सैफई वाले चाचा तो कभी रामपुर वाले चाचा में विवाद हो रहा है। ऐसी ही कांग्रेस, बसपा में स्थिति है। विपक्ष ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। कहा कि अभी ये लोग कहीं न कहीं संवैधानिक संस्थाओं, सरकारी मशीनरी और मीडिया को दोषी ठहराने का काम करेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र जमा किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। नामांकन के लिए केवल पांच लोगों को ही कलेक्ट्रेट में प्रवेश दिया गया। अमरोहा में कांग्रेस का प्रत्याशी बदलने के सवाल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के कहा कि ये लोग कन्फ्यूज हैं। गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी रोज अपने प्रत्याशी बदल रही है। कहा कि घर परिवार में इस तरह का विरोध है तो कांग्रेस भी उससे अछूती नहीं है। कांग्रेस भी उसी दिशा में चलेगी। उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। पूरी कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है। नामांकन से पहले भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने गजरौला के राम मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वह अपना पर्चा करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र जमा किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात की। भाजपा के सांसद वरुण गांधी का टिकट काटने पर उन्होंने कहा वरुण गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उनके बारे मे पार्टी ने अच्छा ही सोचा होगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी भी मौजूद रहे।

### करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं कंवर सिंह तंवर

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने नामांकन के दौरान अपनी संपत्ति का लेखा-जोखा दिया है। इसमें वह करोड़ों के मालिक हैं। उनकी कुल चल-अचल संपत्ति 182 करोड़ 52 लाख 85 हजार है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान संपत्ति से संबंधित शपथ पत्र में ब्योरा का जिक्र किया। उनके अधिवक्ता अवनीश बंसल के मुताबिक, भाजपा प्रत्याशी की चल संपत्ति 22 करोड़ 96 लख रुपये है। अचल संपत्ति 159 करोड़ 56 लाख रुपये है। उनके नाम पर एक लाइसेंस रिवाल्वर है। साथ ही उनके पास 873655 रुपये नकद व उनकी पत्नी के पास 75 हजार की नकदी है।



पैदल मार्च निकालतीं महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# पुलिस ने निकाला पैदल मार्च शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के नेतृत्व में हसनपुर पुलिस व पंजाब पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा और शांति बनाए रखने की अपील की।

कहा कि लोग बिना किसी दबाव व खौफ के मतदान करें। अराजकता करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी। पैदल मार्च कोतवाली से शुरू होकर आंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, वंश प्लाजा, लालबाग, सुखदेवी इंटर कॉलेज, मोहल्ला मानापुर सहित कई मोहल्लों से होते हुए वापस कोतवाली में संपन्न हुआ।

सीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पंजाब पुलिस के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर पैगल मार्च निकाल गया। जनता से दबाव में नहीं आकर मतदान करने की अपील की।

# देसी शराब की दुकान हटाने के लिए किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में देसी शराब की दुकान शिफ्ट कराने की मांग को लेकर महिला व पुरुष धरने पर बैठ गए। दुकान के आगे करीब 6 घंटे तक धरना दिया। बाद में मौके पर पहुंचे आबकारी अधिकारी ने चुनाव के बाद समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया।

नगर के मोहल्ला कोट शहीद पूठ रोड पर देसी शराब की दुकान है। सोमवार सुबह महिलाएं व पुरुष एकत्र होकर दुकान पर पहुंचे। नारेबाजी करते हुए दुकान के आगे धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीच आबादी में शराब की दुकान से माहौल खराब हो रहा है। शराब पीने के बाद लोग राह गुजरती महिला व लड़कियों से छेड़खानी करते हैं। कहा कि शराब की दुकान शासन के नियमों के विरुद्ध है। दुकान के 500 मीटर के दायरे में कई अस्पताल, शैक्षणिक संस्था व धर्मस्थल हैं। आरोप लगाया कि पूर्व में भी दुकान को हटाने की मांग की गई थी लेकिन, अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। इस दौरान धरना-प्रदर्शन की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस के समझाने पर प्रदर्शनकारी नहीं माने तो जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने समझाया कि लोकसभा चुनाव के बाद समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। समझाने के बाद प्रदर्शनकारी दुकान के आगे से हट गए। धरना-प्रदर्शन के दौरान फरजाना, बबीता, शीतल, संतोष, वंदना देवी, राजवती, कोमल, राखी, अनीता, शराफत, फातिमा, क्रांति आदि मौजूद रहे।



शराब की दुकान के आगे धरना-प्रदर्शन करतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

**दुकान नहीं हटने पर आंदोलन की चेतावनी दी, आबकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे**

# संचारी रोग नियंत्रण का दिया संदेश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** संचारी रोग पर नियंत्रण के लिए सोमवार से स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू कर दिया। इस रोग के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सीएचसी से जागरूकता रैली निकाली गई।

इसे सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों पर होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। इसके अंतर्गत लोगों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। मच्छरों से बचाव के लिए लोगों को दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवाने, मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढककर रखने, घर और कार्यस्थल के आसपास पानी इकट्ठा न होने देने, कूलर व गमलों को सप्ताह में खाली कर सुखाने आदि को लेकर जागरूक किया जाएगा।

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलभराव रोकने, खाने से पहले साबुन से हाथ धोने, खुले में शौच न करने और नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने व बच्चों को जापानी इंसेफेलाइटिस के दोनों टीके लगवाने के प्रति सजग किया जाएगा। फागिंग वैन को भी रवाना किया जो मच्छरों से निजात के लिए फागिंग करेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।




रैली में शामिल स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

**रैली**

**सीएचसी से निकाली गई जागरूकता रैली, मच्छरों से बचाव के बताए उपाय**



शोभायात्रा में शमिल झांकी। ● अमृत विचार

# धूमधाम से निकाली गई मां काली की शोभायात्रा

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर में सोमवार को मां काली की शोभायात्रा हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का गांव में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

बताया गया कि होली के एक सप्ताह बाद मां काली का ध्वजा मेला लगता है। चामुंडा मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई। यज्ञ में आहुतियां देने के बाद मां काली की शोभायात्रा का आरंभ चामुंडा मंदिर से किया। कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी राजीव कुमार व पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान आयोजक मंडल में कालीचरन भगत, खेमचन्द भगत व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### दहेज मांगने के मामले में कई लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** दो लाख रुपये की नकदी व कार की मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताया गया कि 21 मई को हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव की एक युवती की शादी नगर के मोहल्ला निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में मायके वालों ने करीब 7 लाख खर्च किए थे। आरोप है कि महिला के पति व जेठ, जिठानी ने दहेज में दो लाख रुपये नकद व कार की मांग की। मांग पूरी न करने पर महिला को प्रताड़ित किया।

मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि सेना में कार्यरत जेठ ने भी महिला के साथ छेड़खानी की। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति, जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



पतेई खालसा में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह।

# पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने डिडौली क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था देखी।

गांव पतई खालसा व चौधरपुर में पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज जांची। कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आवागमन वाले मार्गों के बारे में पूछताछ की। मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।

### तैयारियों की समीक्षा के बाद थाना और मतदान केंद्रों में देखीं व्यवस्थाएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने थाना नौगांवा सादात का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेख, जी-10 व बीट डायरेक्टरी, मैस, चुनाव संबंधित रजिस्टर चेक किए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सकुशल लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के निर्देश दिए।

सोमवर शाम को एसपी थाना नौगांवा सादात पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सफाई व भोजन की गुणवता को परखा। पुलिस अधीक्षक ने शराब, खनन, पशु, वन भू-माफिया आदि के बारे में जानकारी ली। उधर, उन्होंने देर रात बूथ, मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। चुनाव की तैयारियों-व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



काली पट्टी बांधकर विरोध करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** अटेवा के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को जिले में कई विभागों के शिक्षक और कर्मचारियों ने कार्यालयों व विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर एनपीएस का विरोध दर्ज कराया।

अटेवा के जिलाध्यक्ष एस आकिल रजा ने बताया कि एक अप्रैल को ही एनपीएस का काला कानून लाया गया था और पुरानी पेंशन को समाप्त कर दिया गया था। तभी से शिक्षकों व कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया। इसके लेकर अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच क पदाधिकारी कई वर्षों से पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रहा है।

उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन दी जा रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जल्द ही शिक्षक व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

**मेला** | सैयद सलार मसूद गाजी की याद में होता है आयोजन, देर शाम तक हुई नियाज

# पूरनपुर में नेजा मेला आज से शुरू, सजी दुकानें

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** गांव पूरनपुर में मंगलवार से नेजा मेले शुरू होगा। मेले में मौत का कुआं, चाट-पकौड़ी, खेल खिलौने, हलवा परांठे, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के सामान समेत अन्य की दुकानें सज गई हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

यह मेला प्रतिवर्ष होली के बाद पहले मंगलवार को लगता है। गांव के रहने वाले बुजुर्ग बताते हैं कि लगभग 200 वर्ष पहले सैयद सलार मसूद गाजी अपने कारवा के साथ यहां रुके थे। तभी से इस नेजे मेले का आयोजन होता है। यह मेला दो दिन तक लगता है। कई गांवों और शहर क्षेत्र के हजारों लोग मेले में पहुंचते हैं। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थायी पुलिस चौकी बनाई जाती है। गांव के बुजुर्ग शाहिद हुसैन के अनुसार, सैयद सलार मसूद गाजी जिन्हें अली का दर्जा प्राप्त था। काजी नहटौर, पूरनपुर, संभल, आंवला समेत अन्य स्थानों से गुजरते हुए जहां-जहां रुके, उन स्थानों पर नेजे मेले का आयोजन होता है। फिलहाल आज से मेला शुरू होगा। इससे पहले सोमवार देर शाम तक लोगों के घरों में नियाज का सिलसिला चला।



पूरनपुर गांव में नेजा मेले में लगे झूले व दुकानें। ● अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन पर नया भवन बनना शुरू

**गजरौला, अमृत विचार :** अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर निर्माण चल रहा है। नया रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। अब रेलवे स्टेशन का नया भवन बनाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत में देश के कई रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है। इनमें गजरौला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। योजना के तहत स्टेशन का भवन नया बनेगा। रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। रेलवे स्टेशन पर भवन बनाने का शुरू कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन मुख्य द्वार भी बनाया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के चलते टिनशेड पर हटाया गया है। स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि नया रेलवे भवन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ने से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

# जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ: शिवा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गजरौला स्थित नार्दन इंडिया पब्लिक स्कूल में कथावाचक पंडित शिवा कान्त श्रीमद भागवत कथा कर रहे हैं। सोमवार को तीसरे दिन उन्होंने कहा कि जब- जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार व अन्याय बढ़ता है तो किसी न किसी रूप में भगवान अवतार लेकर दुष्टजनों का संहार करते हैं।

भगवान ब्राह्मण, गाय, संत वेदों की रक्षा कर पुनः धर्म की स्थापना करते हैं। कथा व्यास ने कहा कि जन्म देने वाली मां और जन्म भूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। इनको कभी नहीं भूलना चाहिए। राम मंदिर विश्व के आस्था का प्रतीक है। इससे पर्यटन भी बढ़ेगा और तमाम लोगों को रोजगार भी मिलेगा। आज देश में राम मंदिर बनने से खुशी का माहौल है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, नंद कृष्ण भक्ति में पूरा पंडाल गूंज उठा।

कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहता है। कथा में प्रधान यजमान राकेश मोहन गर्ग व सुधा रानी गर्ग ने व्यास पूजन किया।



श्रीमद भागवत कथा सुनाते कथावाचक पंडित शिवाकांत।

### वाहनों की भिड़ंत में किसान समेत चार लोग हुए जख्मी

**हसनपुर, अमृत विचार :** संभल मार्ग पर ओवरटेक के दौरान ट्रक व डीसीएम समेत चार वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में तीन किसानों समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसा रविवार रात करीब नौ बजे कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला कॉलोनी गांव में हुआ। कालाखेड़ा की सहकारी चीनी मिल की ओर गन्ना लेकर जा रही बैलगाड़ी को ओवरटेक करने के दौरान पीछे से आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर टिपलर ने टक्कर मार दी। इस दौरान संभल की दिशा से आ रही डीसीएम व ट्रक भी आपस में भिड़ गए। ट्रक का डीजल टैंक टूट गया। हादसे में बैलगाड़ी चालक चंद्रकिरन निवासी मकनपुर व उसका दामाद अर्जुन सिंह समेत गांव माछरा भगवानपुर निवासी ट्रैक्टर टिपलर चालक नरेश सिंह व ट्रक चालक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी व निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## एक नजर

### तमंचा और कारतूस के साथ दो आरोपी पकड़े

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक तमंचा व कारतूस मिले हैं। पुलिस से पूछताछ के दौरान उन्होंने लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। बताया कि तमंचा दिखाकर वे लूट करने की फिराक में घूम रहे थे। तभी पुलिस ने गश्त के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम बिलाल निवासी हसनपुर और रोहित निवासी सिरसा गुर्जर बताए। तलाशी के दौरान बिलाल के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। रोहित के पास से तीन कारतूस मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो बिजली घर की कल आपूर्ति रहेगी बंद

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली व जयतौली बिजली घर से बुधवार को आपूर्ति बंद रहेगी। जेई शिव शंकर ने बताया कि लाइन के तार बदले जाएंगे। जेई के अनुसार, बुरावली पावर हाउस की लाइन बरेली-मेरठ ट्रांसमिशन लाइन से संचलित है। इससे उझारी ढ़वारसी रोड से होते हुए मेरठ तक आपूर्ति होती है। गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के चलते लाइन का डायवर्जन किया रहा है। बुरावली पावर हाउस व जपतोली पावर हाऊस पर लाइन आती है। इसलिए बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक बुरावली व जयतौली बिजली घर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### धोखाधड़ी से कराया जमीन का बैनामा, रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** जमीन का धोखे से बैनाम कराने के मामले में अदालत के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। गजरौला क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर निवासी चंद्रपाल ने जान पहचान के कुछ लोगों से 35 हजार रुपये उधार लिए थे। उस समय आरोपियों ने कुछ जमीन के कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराए थे। बाद में पता चला कि धोखे से जमीन नाम करा ली गई है। इंस्पेक्टर सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मायाराम निवासी गांव अल्लीपुर खादर, बाबूराम निवासी गांव झोंटना, जितेंद्र, सुधीर कुमार निवासी गांव दीपपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### तीसरा अशरा शुरू, उलमा बोले-दोजख की आग से निजात पाने को करें इबादत

# रमजान में अल्लाह की रहमत होती है नाजिल

संवाददाता, बुरावली


रोजा इफ्तार करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रमजान के रोजे इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माने जाते हैं। अल्लाह ने रमजान को तीन अशरों में बांटा है। इस माह में अल्लाह जन्नत के दरवाजे खोल देता हैं और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर देता हैं। वह शैतान जो इंसान को अपने जाल में फंसाकर गुनाह की तरफ आमदा करता है। उन शैतानों को अल्लाह जंजीरों में जकड़ कर बंद कर देता है। रमजान का एक-एक लम्हा रहमतों और बरकतों से भरा है। 12 महीनों में सबसे अफजल रमजान है। इस महीने में अल्लाह ने कुरआन पाक को नाजिल किया। इस महीने में अल्लाह की रहमत नाजिल होती है। रोजेदार इस महीने में अल्लाह का जिक्र करते हैं, तौबा और आस्तगफार करते हैं।



तीन अशरे इस तरह बांटे गए हैं। पहले 10 दिन रहमतों का, दूसरे 10 दिन मगफिरत, तीसरे यानी आखिरी 10 दिन दोजख की आग से निजात के होते हैं। दो आशरे बड़े शांतिपूर्ण ढंग से गुजर गए। अब तीसरा आशरा सोमवार से शुरू हो चुका है। इसमें लोग ऐतकाफ में बैठते हैं। दुनिया की फिक्र छोड़कर एक कोने में बैठकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

मौलाना अब्दुल वहाब ने बताया कि तीसरा आशरा जहन्नुम से निजात के लिए जाना जाता है। हर मुसलमान को इसमें जहन्नुम की आग से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा दुआ करनी चाहिए। मुसलमान को चाहिए कि इन पांचों रातों को जागकर अल्लाह की इबादत करें। इन रातों को जिब्राइल फरिश्तों को लेकर आते हैं। इबादत कर रहे बंदों से मुसाफा करते हैं। अगर कोई नमाज पढ़ रहा हो तो उसे नमाज पढ़ने वाले पर अल्लाह सलाम भेजता हैं। यह उम्मत की खुशनसीबी है कि नबी करीम ने उम्मत के लिए दुआ की है। इस आशरे में ऐतकाफ में भी बैठना जरूरी होता है।

बुरावली में बिलाल मस्जिद में वकार, शादाब, मोहम्मद आलिम ,फारूक मस्जिद के अलग-अलग कोने में ऐतकाफ में 10 दिन के लिए बैठने वाले चांद रात के दिन मस्जिद से बाहर आएंगे। रमजान में सदका, खैरात, जकात नेकी करें। दूसरों की मदद करें और रोज रखें, इबादत करें। रमजान में गुनाह करने से, बेजुबानों को सताने से, चुगली करने से बचना चाहिए। इस महीने अल्लाह ने इबादत करने का हुक्म दिया है। अल्लाह के हुकुम की तामील करें।

## श्रीमद भागवत कथा सुनने से शुद्ध होता है मनः भारद्वाज

**बबराला, अमृत विचार :** कलश यात्रा निकलने के साथ श्रीमद् भागवत कथा आरंभ हो गई। कथा वाचक आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन शुद्ध होता है। संशय दूर होकर मन को शांति और सांसारिक व्याधियों से मुक्ति मिलती है।

कथा वाचक आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं। अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। कथा सुनकर लोग झूम उठे।

इस दौरान विजय कुमार, उमेश वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय, नीरज वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, लकी, ह्रदेश कुमार, संगीता, विभोर अग्रवाल, अमित गुप्ता, दिलीप आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


हजरत अली की शहादत पर बरामद जुलूस में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# नगर क्षेत्र में हजरत अली की शहादत पर जुलूस बरामद

संवाददात, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार को हजरत अली की शहादत पर जुलूस बरामद हुआ। इस दौरान लोगों को मौली अली के बताए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारते की हिदायत दी।

बताया गया कि मदरसा-ए-इस्मत जहां वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मोहल्ला बाजार मस्जिद कुदरत अली से सुबह एक ताबूत बरामद हुआ। लोग बताते हैं कि यह ताबूत 150 साल से भी पहले का है। इसमें सबसे पहले सेठ मोहम्मद अली ने मर्सियाखानी की। मौलाना हसन अख्तर ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने फरमाया कि हजरत अली की पूरी जिंदगी किस तरह से गुजरी। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए लोगों को बताया। मौला अली का इल्म का पैगाम लोगों तक पहुंचा। बाद में मुल्क में अमान की दुआ मांगी गई। इस मौके पर जावेद अब्बास, एजाज अब्बास, वजीर अब्बास, मोहम्मद हैदर आदि मौजूद रहे।

# किसान नेता और जिपं सदस्य के पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

### टीवी चैनल की डिबेट में आचार संहिता का उल्लघंन का आरोप

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**कार्रवाई**
- निजी चैनल की टीम ने शहर के इंदिरा चौक पर की थी डिबेट
- सपाइयों और भाजपा के कार्यकर्ताओं में हुई थी नोकझोंक

**अमृत विचार :** शहर क्षेत्र में रविवार को एक निजी टीवी चैनल की डिबेट के दौरान नोकझोंक और हाथापाई के मामले में पुलिस ने किसान नेता और जिला पंचायत सदस्य के पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इन लोगों पर आचार संहिता का उल्लघंन का आरोप लगा है।

इस समय लोकसभा चुनाव प्रक्रिया चल रही है। इस बीच मीडियाकर्मी लोगों का मूड जानने के लिए जगह-जगह कार्यक्रम कर रहे हैं। इस क्रम में रविवार को एक निजी चैनल की टीम शहर के इंदिरा चौक पर पहुंची थी। यहां टीम ने डिबेट की। इसमें सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों के प्रतिनिधि, किसान संगठन के नेता भी शामिल हुए थे। डिबेट में भाजपा विधायक, सपा के जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह सैनी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया अपने-अपने पक्ष रखने के लिए मौजूद थे।

बताया गया कि जब भाजपा विधायक के बाद सपा के जिला महासचिव ने अपना संबोधन शुरू किया था। तभी किसी सवाल-जबाब के दौरान सपा के जिला महासचिव और भाजपा के एक कार्यकर्ता के बीच नोकझोंक हो गई थी। हाथापाई तक नौबत आ पहुंची थी। इस दौरान आसपास के लोग जुट गए थे। इससे डिबेट का कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ था।

हालांकि बाद में दोनों पक्षों को समझाकर शांत करा दिया गया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र बालियान ने बताया कि मंडी धनौरा विधान सभा क्षेत्र के लिए नामित उड़न दस्ता दल के प्रभारी मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार ने तहरीर दी थी। इस तहररी पर राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रेशमा के पति पिंटू भाटी, एक न्यूज चैनल के पत्रकार और अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कांग्रेस प्रत्याशी डोली ने दाखिल किया नामांकन

**हापुड़, अमृत विचार :** शहर क्षेत्र के कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल के नेतृत्व में कांग्रेसी गाजियाबाद के आंबेडकर पार्क में कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा के नामांकन में हिस्सा लेने के एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस, समाजवादी और आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता भी पहुंचे।

कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा ने आंबेडकर पार्क में शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्ल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचीं और उन्होंने नामांकन किया। कांग्रेस नेत्री डोली शर्मा ने कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव देश को बचाने का चुनाव है। लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इस दौरान पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, भरत लाल शर्मा, सुशील शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल कुलदीप आत्रे, कुलदीप शर्मा, मुरसलीन चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।



परीक्षा फल वितरण के बाद मेडल दिखातीं छात्राएं, साथ में स्कूल स्टॉफ। ● अमृत विचार

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शेखूपुर झकडी स्थित कंपोजिट विद्यालय में सोमवार को वार्षिक उत्सव एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदाई समारोह एवं नामांकन मेला भी लगा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन रानी ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इनर व्हील क्लब आस्था की ओर से आदर्श विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षाफल वितरण, वार्षिक उत्सव एवं नामांकन मेला में सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षाफल पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल गए। आत्मरक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान डोली अग्रवाल, अंशु, पारुल अग्रवाल एवं रचना जी रहे। साथ ही ग्राम प्रधान विनोद कुमार, अशोक कुमार, कंचन त्यागी, रेशु गुप्ता, नीरज, छाया शर्मा, सरोज शर्मा, किरन चौहान, सिराजुद्दीन, दानिश अब्दुल्ला शाहिद सुभाष चंद्र, रविंद्र कुमार व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पिकअप व ट्रक में टक्कर संभल के 13 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- शहर में अतरासी तिराहा पर देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचार :** शहर क्षेत्र में रविवार रात पिकअप और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में देहरादून से झंडा मेले में शामिल होकर घर लौट रहे पिकअप सवार संभल जिले के 13 लोग घायल हो गए। पुलिस व राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में छह लोगों को हायर सेंटर रेफर किया है।

यह हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र में अतरासी तिराहा पर हुआ। बताया गया कि संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी अनुज बेटे और बेटी के मुंडन के लिए रिश्तेदारों को लेकर देहरादून में लगने वाले झंडा मेले में गए थे। मुंडन कराने के बाद रविवार रात सभी लोग घर लौट रहे थे। जब ये लोग अतरासी तिराहा पर पहुंचे। तभी जोया की ओर से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई जिससे पिकअप में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई।

हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। बताया कि घायलों में महावीर सिंह, अंतेश, बबली, दिनेश, जयवीर सिंह, अंशु, प्रवेश देवी, अनुज कुमार, अनिल, नीरज शामिल हैं। सीओ सिटी अरूण कुमार ने बताया कि हादसे में गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## पीड़ित को न्याय न मिलने पर लखनऊ में पुलिस मुख्यालय का करेंगे घेराव

**हापुड़, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव में कुछ दिन पहले व्यक्ति घर में फंदे पर लटका मिला था। परिजनों ने अपने ही परिवार के युवक और अन्य चार अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी।

इससे गुस्साए लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोपियों के मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई। पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करने का आरोप भी लगाया। न्याय नहीं मिलने पर जिलाधिकारी व लखनऊ में जाकर पुलिस मुख्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी।



रैली में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य। ● अमृत विचार

# फोंदापुर में निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शिक्षा सत्र के पहले दिन की शुरुआत में ही क्षेत्र के फोंदापुर गांव में सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली स्कूल से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस स्कूल में संपन्न हुई।

रैली में शामिल बच्चों ने अपने हाथों में स्लोगन लिखे बैनर ले रखे थे। रैली का नेतृत्व शिक्षिका गीता देवी ने किया। शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। समस्त स्टाफ के अलावा कई ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

## सार-संक्षेप

### अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता की जिरह हुई। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी।

### ट्रक का टायर फटने से तीन लोग हुए घायल

**बबराला, अमृत विचार :** अनूपशहर रोड पर पुराने रामलीला मैदान में देर रात ट्रक का टायर फटने से पास की दुकान के तीन कर्मचारी घायल हो गए। घर की खिड़की का शीशा चकनाचूर हो गया और सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया। टायर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि एकबारगी लोगों ने ब्लास्ट समझा और भागने लगे। नगर के पुराने रामलीला मैदान में उदयवीर की मिष्ठान की दुकान है। रात करीब नौ बजे मिठाई कारीगर गांव शाहजहांनाबाद निवासी कन्हैया लाल, तिपेड़ा के घेर निवासी श्योराज और नगर निवासी कल्लू दुकान का काम निपटा रहे थे। तभी अनूपशहर की ओर जा रहे ट्रक का टायर फट गया। टायर फटने से उड़ी गिट्टियों की चपेट में आकर तीनों कर्मचारी घायल हो गये।



छात्र देव कुमार को स्मतृि चिह्न देते विद्यालय के प्रबंधक रोहित सांगवान।

### नवोदय विद्यालय में छात्र का चयन होने पर जताई खुशी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हलपुरा स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा-6 के छात्र देव कुमार का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर सोमवार को खुशी मनाई गई। स्कूल प्रबंधक रोहित सांगवान ने बताया कि देव कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव कोराला का कक्षा-6 का छात्र है। प्रबंधक ने स्टाफ और छात्र को प्रतीक चिह्न देकर व मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य शीतांशी चौधरी ने बताया कि देव विद्यालय का मेधावी छात्र है और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है। इस दौरान संजीव कुमार, सचिन कुमार, सिंपल सिंह आदि मौजूद रहे।

**शिक्षा** | बरतौरा के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का बंटा गया परीक्षा फल

# परीक्षाफल शिक्षक और छात्रों के परिश्रम का मूल्यांकन

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** क्षेत्र गांव बरतौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान परीक्षाफल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए।

इस दौरान कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को परीक्षाफल बांटे गए। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। कक्षा 5 के बच्चों को विदाई भी दी गई।

प्रधानाचार्य रोशन लाल सिंह ने कहा कि परीक्षाफल विद्यालय के शिक्षक और छात्रों का एक वर्षों का परिश्रम का मूल्यांकन है। इस मूल्यांकन से विद्यालय और अभिभावकों को पता चलता है कि एक वर्ष में छात्र ने क्या सीखा। इस दौरान अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने को कहा गया।

इस दौरान जितेंद्र कुमार, आशिया, सहायक अध्यापक कविंद्र सिंह मौजूद रहे।


बुरावली में परीक्षाफल वितरण के दौरान मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार


मंडी धनौरा में छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षा के प्रति समर्पित होकर पढ़ें छात्र-छात्राएं : एआरपी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गांव शेरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों को परीक्षाफल का वितरित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान एआरपी कुलवंत सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे सभी शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होकर पढ़ें। इससे विद्यालय, क्षेत्र और अपने माता पिता का नाम रोशन करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलानी जरूरी है। ताकि वे भविष्य में आगे बढ़ सके। इस दौरान देवेंद्र सिंह, अनिता कुमारी, मंजू देवी, रेशमा, सुनीता, रिंकी, कविता, इंतजार अहमद, फारूक अहमद, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## साली की लगुन चढ़ाकर आ रहे जीजा की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** चचेरी साली की लगुन चढ़ाकर आ रहे जीजा की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार उसका साथी घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के स्वार रोड स्थित मुरसैना के पास का है। बिजनौर जनपद के रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा पट्टा निवासी मेघराज (40) की काशीपुर आंगा में ससुराल है। रविवार की शाम मेघराज अपनी चचेरी साली की लगुन लेकर अन्य रिश्तेदारों के साथ भोट बक्काल गांव गया था। रस्म पूरी कर रात 12 बजे सभी लोग अपने वाहनों से वापस आ रहे थे। स्वार रोड पर मुरसैना के पास डंपर ने मेघराज की बाइक सवार को रौंद दिया।

### एजूकेशन लाइब्रेरी का किया गया उद्घाटन

**हापुड़, अमृत विचार :** मोदी नगर रोड स्थित सम्राट एजूकेशन लाइब्रेरी का उदघाटन कवि व शायर डॉ. नरेश सागर ने किया। इसमें डॉ. विनोद सागर व प्रो. ओमपाल सिंह भी शामिल हिए। इससे पहले भगवान बुद्ध और डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना की गई। इसके बाद लाइब्रेरी के संयोजक आकाश गौतम को शायर डॉ. नरेश सागर ने दो किताबें व एक काव्य संकलन भेंट किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### सिरसी में एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू

संभल/सिरसी अमृत विचार : नगर पंचायत सिरसी में अध्यक्ष कौसर अब्बास ने एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू कराया है। सोमवार को वार्ड 15 से एंटी लार्वा छिड़काव की शुरुआत की गई। अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता ने बताया कि मच्छरों की रोकथाम के लिए छिड़काव कराया जा रहा है। सभी वार्डों में मच्छरों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा।

### प्रतिबंधित पशु वध का आरोपी गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : न्यायालय के आदेश पर धनारी थाना पुलिस ने 50 लीटर अवैध शराब बरामद कर प्रतिबंधित पशु वध करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव भागनगर निवासी जुगेंद्र के खिलाफ बदायूं के न्यायालय में प्रतिबंधित पशु की हत्या करने को लेकर मुकदमा विचाराधीन है। पैरवी नहीं करने पर बदायूं न्यायालय ने जुगेंद्र को गिरफ्तार करने के आदेश थाना धनारी पुलिस को दिया था। सोमवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 50 लीटर अवैध शराब बरामद कर पुलिस ने जुगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### एसडीएम से फागिंग कराने की उठाई मांग

संभल अमृत विचार : खिजर जन कल्याण सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष खिजर गौस ने एसडीएम को पत्र सौंपकर संभल शहर में फागिंग कराने की मांग उठाई। कहा कि जल्द ही मच्छरों के खात्मे के लिए फागिंग नहीं कराई गई तो मलेरिया, डेंगू आदि बीमारी फैलने का अंदेशा है। नगर पालिका प्रशासन मौन है जबकि आम लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। उन्होंने फागिंग कराकर राहत देने की मांग की है।

### प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मनाया

संभल/धनारी अमृत विचार : धनारी क्षेत्र के भकरौली में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। शाखा प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि 1 अप्रैल 2019 को सर्व यूपी ग्रामीण बैंक और प्रथमा बैंक के विलय के बाद प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक अस्तित्व में आई। उन्होंने संभ्रांत लोगों को बैंक की योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान उप शाखा प्रबंधक सुगम गुप्ता, कैशियर ऋषभ ठाकुर, सहायक आशीष कुमार आदि रहे।

## जमीन के विवाद में भिड़े दो पक्ष, महिला समेत 6 घायल

- दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर
- घायलों का सीएचसी में चिकित्सकीय परीक्षण कराया

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों से महिला समेत छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में चिकित्सकीय परीक्षण कराया। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई।

थाना क्षेत्र के गांव भगता नगला निवासी रामभूप और कैलाश के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। सोमवार को विवाद के चलते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। लोगों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से रामभूप, नीरज देवी, अमित तथा दूसरे पक्ष से जितेंद्र, सत्येंद्र और कैलाश घायल हो गए।

दोनों पक्षों ने रजपुरा थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### तीसरे चरण में होगा मतदान, इसलिए पैसा खर्च करने से बच रहे प्रत्याशी

## प्रचार में जुटे समर्थकों को भोजन पानी का भी टोटा

- जनसंपर्क और बैठकों में शामिल होने वाले कार्यकर्ता भूखे-प्यासे रहने के लिए मजबूर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद से प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए जी-तोड़ मेहनत जरूर कर रहे हैं लेकिन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भोजन ही नहीं पानी तक के लिए दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। प्रत्याशी ज्यादा खर्च से बचने के लिए हाथ खींच रहे हैं तो कार्यकर्ता और समर्थक न सिर्फ भूख बल्कि प्यास से भी व्याकुल हैं। कार्यकर्ताओं और समर्थकों की समझ में नहीं आ रहा है कि किस तरह प्रत्याशियों के पक्ष में काम किया जाए।

चुनाव आयोग द्वारा जारी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के तहत संभल में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने शहर से लेकर गांव-गांव जाकर मतदाताओं को रिझाना शुरू कर दिया। उनके साथ कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ भी देखी जा रही है लेकिन इस बार उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि तीसरे चरण में मतदान होगा तो अभी समय काफी है, इसलिए प्रत्याशी पैसा खर्च करने से बच रहे हैं। प्रत्याशियों का मानना है कि मतदान की तिथि नजदीक आने पर खर्च किया जाएगा लेकिन उनकी यह कंजूसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। आलम यह है कि जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भोजन तो छोड़िये पानी तक नसीब नहीं हो रहा है।

संभल में इस तरह का उदाहरण हाल ही में सामने आया। एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी मोहम्मदपुर टांडा क्षेत्र में जनसम्पर्क कर रहे थे। जिसमें कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल थे। प्रत्याशी के साथ कई घंटे बीतने के बाद भी जब खाने के लिए कुछ नहीं मिला तो कार्यकर्ता बिलख गए। एक कार्यकर्ता की तो भूख के कारण हालत बिगड़ने लगी। जबकि दूसरे कार्यकर्ता पानी के लिए परेशान दिखाई दिए।

## सीएचसी परिसर में धू-धू कर जली सरकारी एंबुलेंस

- लोगों ने किसी तरह आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा


रजपुरा में आग लगने से जली एंबुलेंस।

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा परिसर में खड़ी सरकारी एंबुलेंस में सोमवार को अचानक आग लग गई। एंबुलेंस धू-धू कर जली तो अफरातफरी मच गई । किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग से एंबुलेंस में काफी नुकसान हुआ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा परिसर में काफी समय से सरकारी एंबुलेंस खड़ी थी। जिसकी तरफ स्वास्थ्य विभाग का ध्यान नहीं था। सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी होते ही सीएचसी प्रभारी और स्वास्थ्य कर्मी मौके पर पहुंचे। लोगों ने अग्निशमन उपकरण से और पानी डालकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक एंबुलेंस की सीट और टायर सहित तमाम हिस्से जलकर नष्ट हो गए। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। वहीं यह साफ नहीं हो पाया कि आखिर सरकारी अस्पताल के परिसर में एम्बुलेंस में आग कैसे लगी। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि एम्बुलेंस निष्प्रयोज्य घोषित हो चुकी थी और पिछले कई माह से उपयोग में नहीं थी।

## बिना अनुमति नुक्कड़ सभाएं कर चुनाव प्रचार करने पर उड़न दस्ते ने की कार्रवाई

### टीम ने आचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप में चार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

- सपा नेता ने लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में की थीं नुक्कड़ सभाएं

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** बिना अनुमति नुक्कड़ सभाएं कर चुनाव प्रचार के मामले में उड़न दस्ता टीम ने आचार संहिता उल्लंघन पर सपा से जुड़े चार नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सपा के नेता ने लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में नुक्कड़ सभाएं की थीं।

बहजोई कोतवाली के गांव बहरौली में मनवीर, ग्राम भगवंतपुर में राजपाल सिंह , गांव रघुनाथपुर में बलधारी व गांव शेरुआ में चंद्रभान यादव के द्वारा चुनाव आचार संहिता लागू होने के बावजूद बिना अनुमति नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर प्रचार कराने की शिकायत सामने आई थी। इन कार्यक्रमों में राजनीतिक पार्टी के लोग भी शामिल थे लेकिन आचार संहिता लागू होने के बावजूद आयोजन की कोई भी अनुमति नहीं ली गई थी। । जिसको लेकर उड़न दस्ता टीम के प्रभारी सहायक आयुक्त राज्य कर संभल व उप निरीक्षक राज सिंह ने कोतवाली प्रभारी बहजोई को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्रभारी ने तहरीर के साथ में सीडी भी उपलब्ध कराई है। जिसमें नुक्कड़ सभा का वीडियो सबूत के तौर पर दिया गया है।

कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि उड़नदस्ता टीम के प्रभारी द्वारा तहरीर मिली थी। जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। कहा गया है कि जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है वह सपा के समर्थक हैं। सपा के एक नेता ने लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में नुक्कड़ सभाएं की थीं।

## चेकिंग के दौरान कार से 1.20 लाख की नकदी जब्त की गई

- मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर चल रही थी वाहनों की चेकिंग
- दिल्ली निवासी पशु व्यापारी नहीं दिखा सका कोई साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को लेकर गठित उड़नदस्ता टीम ने मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर जुनावई के पास चेकिंग के दौरान एक कार से 1.20 लाख की नकदी बरामद की। पशु व्यापारी कोई साक्ष्य नहीं दिखा सका।

संभल जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर गठित की गईं उड़नदस्ता टीमें जनपद की सीमा पर चेकिंग करते हुए कड़ी निगरानी रख रही हैं। सोमवार को उड़नदस्ता टीम प्रभारी वाणिज्य कर अधिकारी रामलखन यादव टीम के साथ जुनावई के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी गुन्नौर की ओर से आ रही कार को रोक कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 1.20 लाख रुपये बरामद हुए। कार सवार दिल्ली निवासी कासिम ने बताया कि वह पशु व्यापारी है लेकिन वह धनराशि से संबंधित कोई भी बिल या अन्य साक्ष्य नहीं दिखा सका। इसके बाद टीम ने धनराशि को थाने में जमा करा दिया।

उड़नदस्ता टीम प्रभारी राम लखन यादव ने बताया कि चेकिंग के दौरान नकदी से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं दिखा पाने के कारण उसे जब्त कर लिया गया।

## युवती नकदी समेत युवक के साथ फरार

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना में युवती परिजनों को सोता छोड़कर घर में रखी नकदी लेकर मोहल्ला के ही युवक के साथ फरार हो गई। चार दिन बाद युवक के साथ युवती के जाने की जानकारी हुई। परिजनों ने युवक व उसके भाई, बहन, माता पिता पर नकदी चोरी करने और युवती को गायब करने का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती प्रेम प्रसंग के चलते 28 मार्च की देर रात घर में रखी 31000 रुपये की नकदी लेकर मोहल्ला के ही युवक के साथ फरार हो गई। अगले दिन सुबह परिजन जब सोकर उठे तो घर में युवती दिखाई नहीं दी। परिजनों ने आसपास में तलाश करने के बाद रिश्तेदारी में फोन कर युवती के बारे में पूछताछ की, लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चला। परिजन तीन दिन तक इधर उधर भटकते हुए युवती को ढूंढते रहे। सोमवार को युवक के साथ युवती के जाने की जानकारी मिलने पर परिजन थाने पहुंचे। परिजनों ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कराने और युवक व उसके परिजनों पर नकदी चोरी करने, घर से ले जाकर युवती को गायब करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

## सार-संक्षेप


हजरत अली की शहादत पर शबीहे ताबूत का मातमी जुलूस निकालते लोग।

### हजरत अली की शहादत पर निकला जुलूस

संभल ,अमृत विचार : हजरत अली की शहादत की बरसी के शोक में शबीहे ताबूत का मातमी जुलूस निकाला गया। इससे पहले मजलिस में हजरत अली की शहादत बयान की गई। इमामबाडा सगीर हसन में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में सुहैल अब्बास ने बंदगी व समर्पण के प्रतीक हजरत अली की शहादत बयान करते हुए कहा कि हजरत अली को 19 वीं रमजान की सुबह कूफा की मस्जिद में नमाज की अवस्था में विष में बुझी तलवार से इब्ने मुलजिम ने सर पर वार करके घायल कर दिया था। उस समय हजरत अली ने अपने सिर को उठाकर आकाश की और देखते हुए जोर से कहा कि काबे के पालनहार की सौगंध मुझे मुक्ति मिल गयी। खुदा की इबादत में बेमिसाल हजरत अली 21 वीं रमज़ान को दुनिया से रुखसत हो गये। हजरत अली की शहादत उनकी महानता की मिसाल बनी। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत रंजो गम के बीच निकाला गया। नोहा ख्वानी व मातम किया गया। इस दौरान शमाईम रजा, सलीम मेंहदी कैफी संभली,शाहिद, अली अब्बास, अरशद हसन, पैकर संभली, अली सादिक, अली जहीर, शाने अब्बास, इशरत अब्बास, उरूज संभली व शबाब आलम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### इमाम अली के जुलूस में उमड़े अजादार , हुईं मजलिसें

संभल/सिरसी, अमृत विचार :सिरसी में इमाम अली का जुलूस निकाला गया। जिसमें तमाम अजादारों ने शिरकत की। मस्जिदे हिलाल मुहल्ला शर्की में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसे मौलाना मुहम्मद अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत इमामे अली का जुलूस निकाला गया। जिसमें सवारी असद अब्बास और उनके हमनवां ने पढ़ी। नौहाख्वानी अंजुमन मीसमे अजा ने की। जुलूस मस्जिद हिलाल पर ही संपन्न हुआ। देर रात शिया जामा मस्जिद मुहल्ला गर्बी में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसे इमामे जुमा मौलाना एहतेशाम नकवी खिताब किया। मजलिस के बाद जुलुसे मौला अली निकाला गया। नौहाख्वानी के बाद जुलूस इमाम बारगाह गर्बी में संपन्न हुआ। दूसरी तरफ कदीमी जुलूस इमाम बारगाह मासूम अली से निकाला गया। जिसमें अंजुमन जुल्फकारे हैदरी और अंजुमन पंजेतनी ने नौहाख्वानी की। लोगों ने जुलूसों में जाकर जियारत की। मुहल्ला बाजार में भी मौला अली का ताबूत और मस्जिदे जेहरा स्टेशन पर भी इमाम अली का ताबूत निकाला गया।

### काली पट्टी बांधकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग

गुन्नौर, अमृत विचार : अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में शिक्षा, चिकित्सा कर्मियों ने बाहों पर काली पट्टी बांधकर काम किया। पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग उठाई। आल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ( अटेवा) के आह्वान पर ब्लॉक संसाधन केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि विभागों के कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप बाहों पर काली पट्टी बांध कर कार्य किया। डीपीए के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि कर्मचारियों के बुढ़ापे सहारा पुरानी पेंशन को बंद कर सरकार ने अन्याय किया है। पुरानी पेंशन योजना की मांग कर रहे कर्मियों पर सरकार जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। नई पेंशन योजना पर विरोध जताते हुए शिक्षक नेता सुनील कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना को लागू कराने के लिए बड़े आंदोलन को भी तैयार है। इस दौरान डॉ .अजहर अली, विशेष कुमार, सौरभ शर्मा, शाहनवाज खान, अनुज कुमार, अभिषेक यादव, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़ में एक आरोपी गिरफ्तार

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव में किशोरी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना कुढ़फतेहगढ़ के एक गांव निवासी युवक ने संजीव व महिला काजल के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करता है। 27 मार्च की शाम साढ़े चार बजे उसकी बहन पशुओं का गोबर डालकर अपने घर जा रही थी। तभी गांव की एक महिला ने किशोरी को आवाज देकर बुलाया। किशोरी के इनकार करने पर महिला ने जबरदस्ती किशोरी को पकड़ अपने घर में ले गई और बाहर से कुंडी लगा दी। घर में गांव का युवक संजीव मौजूद था। युवक ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ व जबरदस्ती की। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी संजीव को सोमवार की सुबह उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। महिला फरार है। गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।

### छात्र की हत्या का तीसरा आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में बीए के छात्र की पेट में चाकू घोंपकर हत्या करने के छह दिन बाद भी तीसरा हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। जबकि इस मामले में पुलिस हत्या के आरोपी पिता पुत्र को आला कत्ल चाकू व तमंचे के साथ पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना क्षेत्र के गांव महोरा लखूपुरा निवासी विरलेश का बुधवार की रात प्रचार व प्रसार के लिए दीवारों पर पंपलेट चिपकाते समय गांव के ही बीए के छात्र राहुल यादव से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया था कि विरलेश ने राहुल यादव को पकड़ लिया था और मौके पर पहुंचे विरलेश के पिता तेजपाल ने चाकू पेट में घोंपकर राहुल यादव की हत्या कर दी थी।

### मनाया जाएगा कल्कि सेना का 31 वां स्थापना दिवस

संभल, अमृत विचार : श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल की और से प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में संगठन के 31 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कल्कि के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर निमंत्रण पत्र समर्पित किया गया। श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल के संस्थापक कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन की स्थापना 31 वर्ष पूर्व 22 अप्रैल 1993 को की गई। संगठन का उद्देश्य भगवान श्री कल्कि के नाम को विश्व पटल पर पहुंचाना है। कार्यक्रम प्रभारी शशांक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष 21 एवं 22 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम पूर्ण उत्साह के साथ मनाया जाएगा। स्थापना दिवस को भव्य एवं अलौकिक रूप देने के लिए समिति का गठन होगा। इस दौरान वैभव शर्मा, अक्षय शर्मा, प्रियांशु अग्रवाल ,आचार्य पंडित शोभित शास्त्री, आकाश चौहान, ऋषभ श्रीवास्तव, गगन वार्ष्णेय, सत्येंद्र सिंह चौधरी, सुषमा गुप्ता, उज्ज्वल सक्सेना, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा एवं संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।


स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार


आमना पब्लिक स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** एमएनआई हायर सेकेंडरी स्कूल हातिम सराय में वार्षिक समारोह के दौरान अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सैयद गुलजार अहमद हाशमी व डॉक्टर मोहम्मद शहवेज रहे।

कक्षा नर्सरी में जैन ज़फ़ीर, कक्षा एलके जी में साहिल रज़ा, पहली कक्षा में फलक, दूसरी कक्षा में रऊफ अहमद, तीसरी कक्षा में अमाज़, चौथी कक्षा में तमन्ना व पांचवी कक्षा में समीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छठी कक्षा में छात्रा फलक ने पहला स्थान प्राप्त किया। सैयद गुलजार अहमद ने सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया। जिन बच्चों ने अच्छे नंबर लाकर अपनी प्रतिभा दिखाई उनके माता पिता को भी मुबारक बाद पेश की। इस दौरान स्कूल स्टाफ में शमीम अहमद, मुसाहिद खां, बरखा, अनवर अहमद, रशीदा खातून, नाज़िया, इकरा, अफशा, आदीबा मेम, प्रियंका, काशिफा आदि रहे। संचालन मुशाहिद अली खान ने व अध्यक्षता सैयद अनवर अहमद ने की।

### टॉपर बच्चों को शील्ड और मेडल प्रदान किए

संभल, अमृत विचार : आमना पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित कर टॉपर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों, बच्चों के अभिभावकों व स्कूल के अध्यापकों ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई कर भविष्य में आगे बढ़ते रहने की दुआएं दीं। स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद आजम ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद रेहान ने सभी मेहमान और अध्यापकों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान मुख्य अतिथि मोहम्मद नाजिर साहब, जिकरुल रहमान के अलावा स्कूल अध्यापक मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद फ़रमान, राहेमीन, समरीन अनम, नूरे बशर, इकरा फातिमा और इकरा रेहान आदि रहे।

## इल्मा 99.6 प्रतिशत अंक के साथ बनी स्कूल टॉपर

संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** एमबीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज सिरसी में प्री नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें इल्मा बतूल 99.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर रही।

कक्षा एक से कक्षा पांच तक निकिता पाल, कक्षा छह से कक्षा आठ तक आयत, कक्षा नौ से कक्षा ग्यारह तक इल्मा बतूल टॉपर रहीं। प्रधानाचार्या रिफा सैयदा और मोहम्मद हैदर जैदी ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को परीक्षा फल और ट्राफी देकर सम्मानित किया। अनुशासन और 80 प्रतिशत उपस्थिति वाली छात्राओं को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रफत जहरा, उम्मे कुलसुम, ऐजाज सैयदा, शाहिद हुसैन, जोहा रिजवी आदि रहे।



सिरसी में मेडल व प्रमाणपत्र दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार


गवां में यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## महायज्ञ में आहुतियां देकर विश्व शांति की कामना की

संवाददाता, गवां

**अमृत विचार :** नगर पंचायत गवां में गायत्री परिवार की ओर से आयोजित 9 कुंडीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ आहुतियां दीं।

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित यज्ञ में गायत्री शक्तिपीठ के कुलदीप आचार्य, नरेंद्र कुमार राघव, रामवीर सिंह आचार्य व शिवम आचार्य सहित शक्तिपीठ के आचार्यों द्वारा दो दिवसीय 9 कुंडीय महायज्ञ का आरंभ गवां के डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया। नशा भारत छोड़ो, प्रकृति व संस्कृति को बचाने के लिए पौधरोपण का भी कार्य शांतिकुंज हरिद्वार शक्तिपीठ के द्वारा किया । डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि स्कूली बच्चों के द्वारा गवां में कलश यात्रा का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया । उसके बाद विद्यालय परिसर में यज्ञ प्रारंभ हुआ है जिसकी पूर्ण आहुति 2 अप्रैल को होगी। यज्ञ के दौरान लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

**समस्या** होली के बाद कई गांवों में कीचड़ और गंदगी फैली, बुखार और अन्य संक्रामक बीमारियों से जूझ रहे लोग

## गांवों में गंदगी और जलभराव से फैल रहे संक्रामक रोग

**अमृत विचार पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** होली का त्योहार बीत गया लेकिन गांवों में सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट सकी। संभल जिले के कई गांवों में गंदगी, कीचड़ और जलभराव के कारण नरकीय हालात बने हैं। कहीं लोगों को बुखार और अन्य बीमारियों ने चपेट में ले लिया है तो कहीं संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा बना है। हालात को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई है।

गांवों में पानी से भी होली खेली गई। गंदगी हुई तो ग्रामीणों ने सोचा था कि सफाई व्यवस्था एक दो दिन में पटरी पर लौट आएगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। जनपद के कई गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त दिख रही है।


नरेठा मोहम्मदपुर गांव में सड़क पर फैली गंदगी व कीचड़। ● अमृत विचार

- पंचायती राज विभाग गांवों में साफ सफाई को लेकर नहीं दिख रहा गंभीर, ग्रामीणों में रोष

अमृत विचार ने सोमवार को कुछ गांवों में पड़ताल की तो यही सच्चाई सामने आई। विकास खंड असमोली के गांव नरेठा मोहम्मदपुर में मुख्य रास्ते पर गंदगी, कीचड़ और जलभराव का नजारा दिखा। जिससे भीषण बदबू उठने के साथ ही मच्छरों के पनपने की बात सामने आई। गंदगी के कारण गांव में संक्रामक बीमारी ने भी दस्तक दे दी है। यहां के शकूर अहमद, तैमूर, आलेआर, दौलत सिंह, नन्हीं के अलावा कई बड़े और बच्चे बुखार की चपेट में आ चुके हैं। विकास खंड संभल के गांव शरीफपुर में नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। नालियों की सफाई नहीं हुई है। यहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

### शिकायत पर नहीं हुई सुनवाई

संभल/सौंधन अमृत विचार : विकास खंड पंवासा की ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर के हालात खराब है। मुहल्ला बरसाने में नाली का गंदा पानी सड़क बह रहा है। नालियों की सफाई न होने से लोगों को निकलने में भी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि जलभराव की समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जलभराव और गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा बना है। गांव के मिथुन, वीरपाल, मनोज, छोटा, रवि और महेंद्र आदि ने अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। बहरहाल, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते गांवों के हालात बदतर होते जा रहे हैं।

## एक नजर

### भाकियू असली देगी शहीद किसान को श्रद्धांजलि

**संभल अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन असली की बैठक गांव मुबारकपुर में स्थित केंद्रीय कार्यालय पर हुई। जिसमें खनौरी बार्डर पर शहीद हुए किसान शुभकरण सिंह की आत्मा की शांति के लिए 15 अप्रैल को संभल मंडी समिति में शोक सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि शोक सभा में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान शामिल होंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार दीपक शर्मा को राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह, ऋषभ सिंह, चौधरी चंद्रपाल सिंह, दीपक शर्मा आदि रहे।

### परीक्षाफल पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**संभल अमृत विचार** : आईएम पब्लिक स्कूल लहरा कमंगर में वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं को परीक्षाफल मिला तो चेहरे खिल उठे। कक्षा में अच्छे अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मोहम्मद जफीर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान रेहान, अंकित, तबस्सुम, नगमा, तरन्नुम, गुफरान, गुलजार, जहांआरा, इमरान, कदीर आदि रहे। संचालन रेहान ने किया।

### तीन दिन -आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार** : बुधवार से शुक्रवार सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक डारनी, बेरनी एवं स्योंडारा बिजली घर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी| डारनी सब स्टेशन के अवर अभियंता संजय शर्मा द्वारा उक्त जानकारी देते हुए बताया गया कि 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक 132 केवी सब स्टेशन चन्दौसी पर टावर लाइन पर तार बदलने का कार्य किया जाएगा।

### आपसी विवाद में पिता पुत्र गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मुकर्रबपुर निवासी हरपाल का सोमवार को अपने बेटे रवि से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता पुत्र मारपीट पर आमादा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हरपाल व रवि को गिरफ्तार कर लिया।

# खेत में मिला शिशु का शव, कुत्तों ने नोचा, अल्ट्रासाउंड संचालक पकड़ा

## गर्भपात कर शव फेंके जाने का अंदेशा, प्रधान की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचारः** खेत में नवजात का शव पड़ा मिला। जिसे आसपास खड़े कुत्ते नोच रहे थे। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इस मामले में पुलिस ने अल्ट्रासाउंड संचालक को हिरासत में लिया है।

संभल बहजोई मार्ग स्थित गांव बेहटा जयसिंह के मोड पर सड़क किनारे खेत में नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ था। जिसे कुत्ते नोच रहे थे। उसके पैरों को नोच लिया था। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने जब नवजात का शव पड़ा देखा तो ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के बारे में जानकारी की। वहीं अल्ट्रासाउंड की दो रिपोर्ट एक महिला के नाम की नवजात के पास पड़ी हुई थीं। इसके बाद पुलिस ने अल्ट्रासाउंड संचालक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बहजोई कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जिसमें अवैध रूप से गर्भपात करना और उसको छिपाने को लेकर मामला दर्ज किया जा रहा है।

### दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के युवक को दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म के आरोप में थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक एक निजी कंपनी में साथ काम करने वाली किशोरी को बीस दिन पहले भगाकर ले गया था। थाना क्षेत्र के गांव सेवापुर पदारथपुर निवासी रोहित उर्फ गोलू एक निजी कंपनी में तीन वर्ष से काम कर रहा था। कंपनी में ही गोलू के साथ हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी भी काम करती थी। साथ काम करने के दौरान गोलू व किशोरी के बीच प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि नौ मार्च को गोलू ने किशोरी को मुरादाबाद के मोहल्ला हरथला में बुला लिया और यहां से किशोरी को लेकर गाजियाबाद पहुंच गया। गोलू यहां किराए के कमरे में किशोरी के साथ रहने लगा। जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने 20 मार्च को युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर पुत्री को ले जाने व दुष्कर्म करने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार को युवक थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर चमारान के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रोहित उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया।



मतदान की अलख जगाती समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

# महिलाओं ने रैली निकालकर मतदान करने को किया प्रेरित

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत मेथरा धर्मपुर में महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए पंचायत घर में रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। डीआईओएस वेदराम ने समूह की महिलाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई तो वहीं डीसी एनआरएलएम ज्ञान सिंह ने महिलाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जो लोग वृद्ध या बीमार हैं उनको मतदान वाले दिवस पर मतदान केंद्र तक पहुंचने में टोलिया बनाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाएं। नगर के खमक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नगर में जागरूकता रैली निकाली । माया देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में भी प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने अभिभावकों को छात्र-छात्राओं से मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही।

## सार-संक्षेप

### भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया

**चन्दौसी, अमृत विचार** : बनियाठेर के कस्बा नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं ने मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को वोट के मूल्य व उसकी शक्ति से अवगत कराकर मतदान के लिए प्रेरित किया। तदोपरांत महाविद्यालय परिसर में एक विचार गोष्ठी हुई। जिसमें अपना वोट अपना अधिकार विषय पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से शत प्रतिशत मतदान करने को कहा। अंत में सभी ने मतदान करने व अन्य परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने वोट के महत्व व शक्ति से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन इश्त्याक अहमद ने किया। इस अवसर पर कृष्ण पाल सिंह सोमवंशी, आयुषी शर्मा, अमोल शर्मा, खेमेंद्र सिंह, पिंकू, सतीश, राधे आदि मौजूद रहे।

### उधार दूध देने से मना करने पर दुकानदार को पीटा

**संभल, अमृत विचार** : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में उधार दूध देने से मना करने पर पिता पुत्र ने मिलकर लात घूसों से मारपीट करते हुए दुकानदार को घायल कर दिया। थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी सुहैल अब्बास सोमवार की सुबह सात बजे मुहल्ला में स्थित अपनी दूध बेचने की दुकान पर बैठा था। आरोप है कि मुहल्ला का ही युवक दुकान पर पहुंचा और सुहैल अब्बास से उधार दूध मांगने लगा। पिछले दो वर्ष के चार सौ रुपये उधार होने की वजह से युवक को दूध देने से सुहैल अब्बास ने मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर युवक ने गाली गलौज करते हुए अपने पिता को मौके पर बुला लिया। गाली गलौज का विरोध किया तो पिता पुत्र ने मिलकर लात घूसों से मारपीट करते हुए सुहैल अब्बास को घायल कर दिया। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो पिता पुत्र धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद परिजन सुहैल अब्बास को लेकर थाने पहुंचे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सुहैल अब्बास का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

### रोवर्स रेंजर्स को दी नियम, सैल्यूट की जानकारी

**संभल अमृत विचार** : राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.प्रभा शर्मा के निर्देशन एवं डॉ.राष्ट्रवर्धन एवं डॉ.नौमी प्रिया के नेतृत्व में हुआ। प्राचार्य ने स्काउट गाइड का झंडा फहराकर तथा सैल्यूट देकर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिविर में सिखाई बातों को जीवन में उतारकर हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहना चाहिए।पहले दिन प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहित कुमार ने झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, वर्दी, सैल्यूट करने की जानकारी दी। रोवर्स रेंजर्स के कर्तव्य एवं गुण के बारे में चर्चा की। इस दौरान डॉ.जीत सिंह, डॉ.तनुज कुमार, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, सबा खान, चमन सिंह, सुभाष बाबू, मोहम्मद ऐजाज का योगदान रहा।

### सती प्रसंग सुन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार** : बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढैय्या में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान सती प्रसंग सुन कर श्रद्धालुओं की आंखें छलक गईं। भोलेनाथ के उद्घोष भी गूंजे। कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने सती प्रसंग सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष ने अपने यहां पर एक यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें सभी देवताओं को निमंत्रण दिया गया लेकिन भोलेनाथ को निमंत्रण नहीं दिया। जब यह खबर सती को पता चली तो उन्हें दुख हुआ और वह बिना निमंत्रण के ही यज्ञ में जाने की भोलेनाथ से जिद करने लगीं। तब भोलेनाथ ने कहा कि देवी बिना बुलाए किसी के यहां पर नहीं जाना चाहिए । तब सती ने कहा कि वह मेरा मायका है और मायके में बिना बुलाए जा सकते हैं। भोलेनाथ ने बार-बार मना किया लेकिन सती नहीं मानी और राजा दक्ष के यहां पहुंच गईं। जहां पर सभी देवी देवता अपने-अपने आसन पर विराजमान थे लेकिन भोलेनाथ का आसान न पाकर वह बहुत ही दुखी हुई और राजा दक्ष से कहने लगी कि मेरे भोलेनाथ का आसान कहां है। इस पर दक्ष ने भोलेनाथ के बारे में बहुत कुछ कहा। सती अपना विकराल रूप दिखाकर और यज्ञकुंड में कूद गईं और अपने शरीर को त्याग दिया। कथा के दौरान भजन सुन कर श्रद्धालु झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



कथा वाचक सोमवीर शास्त्री।

### होली के गीतों पर खूब थिरकीं महिलाएं

**चन्दौसी, अमृत विचार** : श्री गीता सत्संग भवन में सोमवार को श्री गीता सत्संग महिला मंडल ने आस्था तथा उमंग के साथ होली मिलन उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित करके किया गया। तदोपरांत पंक्चुअलिटी तथा लकी ड्रा निकालकर ढोलक की थाप पर भजन गाए। होली के गीतों पर फूलों की वर्षा करते हुए महिलाओं ने जम कर नृत्य किया। संयोजिका इंदु अग्रवाल ने सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर तथा गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष क्षमा अग्रवाल ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से नृत्य कर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर रानी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, पूनम, शोभा, मृदुल, नीरा, करिश्मा, माधुरी, उषा रानी, उमा, सीता, पूनम, सुनीता, रागिनी, रेखा, कविता, चंचल आदि उपस्थित रहीं।

### एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**बबराला, अमृत विचार** :सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने विधानसभा क्षेत्र के गांव फरीदपुर और मेहुआ हसनगंज में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही न बरतने का निर्देश दिए ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी कमी है, उसकी जानकारी जरूर दें। मतदान से पूर्व तैनात होने वाली सुरक्षा बलों की टुकड़ियों के ठहराव के मद्देनजर चिन्हित स्थलों का भी मुआयना किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को पुलिस की सक्रियता दिखनी चाहिए। चुनाव आचार संहिता में बाधक बनने वाले लोगों को चिन्हित कर निगाह रखी जाए।

### नवीन सत्र को लेकर विद्यालय में हुआ हवन पूजन

**चन्दौसी, अमृत विचार** : सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सोमवार को नवीन सत्र के आरंभ पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले विद्यालय स्टाफ ने हवन में आहुतियां दी और 108 बार गायत्री मंत्र का जाप किया गया। विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं के माथे पर शिक्षिकाओं ने तिलक कर स्वागत किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। स्कूली बच्चों ने गीत, नृत्य, चुटकुले, नाटक आदि की प्रस्तुति दी। पहले दिन छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में स्वास्तिक की आकृति बनाई गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं को जलपान कराया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश सराफ, आलोक गोयल, प्रधानाचार्य कपिल दीप, शोभित राघव, शिवम गुप्ता, अब्दुल शारिक आदि मौजूद रहे।

# डीपीआरओ ने अधूरे निर्माण कार्य पर रोका सचिव का वेतन

संवाददाता,बहजोई

▸▸ **2024 में लगने वाली वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोकने के निर्देश**

**अमृत विचारः** डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सादातबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। जिसमें निर्माण कार्य अधूरा पाए जाने पर पंचायत सचिव का एक माह का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।

डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे को सादातबाड़ी ग्राम पंचायत में निरीक्षण के समय प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट पर निर्माण कार्य होता नहीं मिला। आरसीसी सेंटर का उचित क्रियान्वन नहीं किया जा रहा था। वहीं अंत्येष्टि स्थल गेट अधूरा पाया गया। जिसको लेकर डीपीआरओ ने सचिव आकाश कुमार को कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं मार्च माह का वेतन अवरुद्ध किए जाने के साथ 2024 में लगने वाली वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोक दी। इसके बाद डीपीआरओ संचारी रोग अभियान के तहत ग्राम पंचायत रायपुर कला में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां विशेष सफाई अभियान में लगाए गए कर्मचारी उपस्थित तो मिले लेकिन उनके द्वारा ठीक से कार्य नहीं किया गया था। निरीक्षण के समय रास्तों की नालियों की सफाई नहीं की गई थी।



सादातबाड़ी में निरीक्षण करते डीपीआरओ। ● अमृत विचार

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचारः** थाना बानियठेर की ग्राम पंचायत औरंगपुर सिलैटा के जंगल में मिट्टी का खनन धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर खनन अधिकारी ने छापा मार कर सोमवार को एक मिट्टी से लदी ट्रैक्टर पकड़ कर चौकी नरौली पुलिस के सुपुर्द की है। पुलिस ने कार्रवाई कर ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया है।

सुबह से शाम तक मिट्टी की टैक्टर ट्राली चन्दौसी सम्भल हाइवे पर दौड़ती रहती है पूछने पर कहते है परमीशन है बात खत्म हो जाती है।

गांव औरंगपुर सिलैटा के जंगल में पीली रेत का अवैध खनन लंबे समय से किया जा रहा है। रात भर मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ने से ग्रामीणों की नींद खराब हो रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों की शिकायत पर सोमवार की सुबह करीब आठ बजे खनन अधिकारी टीम के साथ गांव औरंगपुर सिलैटा के निकट पहुंचे और अवैध तरीके से खनन की मिट्टी ले जाती टैक्टर ट्राली को पकड़ कर नरौली देहात पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया है।



नरौली देहात पुलिस चौकी में खड़ी मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

▸▸ **ग्रामीणों की शिकायत पर खनन अधिकारी ने मारा छापा**

▸▸ **औरंगपुर सिलैटा के जंगल में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन**

> काफी समय से अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। किसी भी हालत में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।
>
> **-मोहम्मद हलीम,** खनन अधिकारी

### शौचालय निर्माण को लेकर विवाद, पहुंचे अधिकारी

**सरायतरीन, अमृत विचारः** सरायतरीन के मुहल्ला दरबार में स्थित दरगाह की खाली जमीन पर निजी स्कूल के बच्चों के लिए शौचालय बनवाने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताया।

सरायतरीन के मुहल्ला दरबार में स्थित दरगाह की खाली जमीन पर एक माह पहले मुहल्ला में स्थित निजी स्कूल संचालक की ओर से छात्र छात्राओं के लिए शौचालय का निर्माण कराया जा रहा था। शौचालय निर्माण को लेकर दूसरे पक्ष ने विरोध जताया था। इसी बात को लेकर सोमवार को फिर से दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। सूचना मिलने पर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा व खंड शिक्षा अधिकारी बबीता मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों के बीच बात नहीं बनी। जिसके बाद एसडीएम व खंड शिक्षा अधिकारी दोनों पक्षों से मंगलवार को बात कर मामला निपटाने को कहकर वापस लौट आए।

# सभासदों ने एसडीएम को समस्याएं बताईं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** शहर में वार्डों की समस्याओं को लेकर नगर पालिका के सभासद सोमवार को एसडीएम (अधिशासी अधिकारी) से मिले। सभासदों ने अपने वार्डों में होने वाले छोटे कार्य जैसे सड़क मरम्मत, नाली की मरम्मत, लाइट खराब होने, जल निगम लीकेज व टोरेंट गैस के गड्ढे सही करवाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने सभासदों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

सोमवार की दोपहर 12 बजे नगर पालिका क्षेत्र से करीब एक दर्जन सभासद गांधी पार्क स्थित नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां वह एसडीएम नीतू रानी से मिले और मौखिक रूप से अपनी शिकायतें रखीं। सभासदों ने जल निगम द्वारा शुरू की गई पानी की सप्लाई सुचारू न होने के साथ पानी सप्लाई का समय बढ़ाने की मांग की। कहा कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार सफाई निरीक्षकों को उनके समस्त अधिकार दिए जाएं। बोर्ड की पूर्व बैठक में सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह के विरुद्ध जो निंदा प्रस्ताव लाया गया था, वह जानकारी के अभाव व नासमझी में लाया गया। इस बात को काफी समय बीत चुका है, अब उसका इस समय कोई औचित्य नहीं है। वर्तमान में सभासदों को उनसे कोई शिकायत नहीं है। साथ ही कहा कि सभासद अपने वार्डों में सड़क, गड्ढे, नाली मरम्मत, मैनहोलों पर लोहे के जाल न होने की शिकायत की और उनके समस्या की मांग की।



नगर पालिका कार्यालय में एसडीएम से शिकायत करते सभासद। ● अमृत विचार

▸▸ **वार्डों में छोटे कार्य भी नहीं होने की शिकायत की**

▸▸ **एसडीएम ने समस्या का समाधान करवाने का दिया आश्वासन**

> सभासदों ने अपने वार्डों की समस्याओं के विषय में जानकारी दी है। शीघ्र समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।
>
> **-नीतू रानी,** एसडीएम (ईओ)

# सौंधन का सचिवालय बंद रहने से ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार** :ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर का सचिवालय करीब दो महीने से बंद पड़ा है। ऐसे हालात ग्राम पंचायत सचिव के सचिवालय नहीं आने से बने हैं। ग्रामीणों को जरूरी काम के लिए ब्लॉक मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है।

विकास खंड पंवासा की सबसे अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर में सचिवालय बंद होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण छोटे मोटे काम के लिए कई किलोमीटर दूर ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव से लेकर सहायक तैनात होने के बाद भी सचिवालय बंद रहता है। जरूरी काम के लिए ब्लॉक कार्यालय जाना पड़ता है। तेजपाल, दीपक आदि कहते हैं कि सरकार ने सचिवालय इसलिए बनाए थे कि जनता के सभी काम सचिवालय में बैठ कर कर्मचारी निपटाएंगे लेकिन यहां सचिव के न आने से सचिवालय में ताला लटका रहता है। ग्रामीणों ने सचिवालय को खुलवाने की मांग उठाई है। वहीं खंड विकास अधिकारी पंवासा रिजवान हुसैन ने कहा कि सभी सचिवों को सचिवालय में बैठने के लिए निर्देशित किया गया है। अगर सचिवालय में सचिव नहीं बैठते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सौंधन में बंद पड़ा सचिवालय।

▸▸ **जरूरी काम के लिए लगाने पड़ रहे ब्लॉक कार्यालय के चक्कर**



आरआरके स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह में पुरस्कृत बच्चे। ● अमृत विचार

# ९९.4 प्रतिशत अंक पाकर एरिका ग्रुप टॉपर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **परीक्षाफल के साथ पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे**

**अमृत विचारः** आरआरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी के विभिन्न वर्गों में सार्थक शर्मा, शौर्य सिंह, युविका वार्ष्णेय, दीपांजलि पंडित, अर्नित वार्ष्णेय, शिवनया, अक्षिता, शांतनु, अदिति प्रथम रहे। प्रख्या गुप्ता, अदिति, प्रखर अग्रवाल, महिरा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे। भूमिका, हर्ष वर्धन, ऋषि कश्यप, शुभ, कनिष्का प्रक्षि तृतीय स्थान पर रहे।

आल राउंडर का खिताब अर्शिव सक्सेना को दिया गया। कक्षा एलकेजी में अवनी मौर्य, मानस वैश, मो. अर्श, आरू, आविश खान प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुहू मिश्र, मो. अवन, आध्या श्रोत्रिय, हर्ष चौधरी, श्रेष्ठ द्वितीय स्थान तथा श्रेयश ठाकुर, शिविका अग्रवाल, अश्वि जैन, आरणा शर्मा, मुस्कान वार्ष्णेय, मिशिस्ट उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा यूकेजी में शौर्य शर्मा, अली अशरफ, वरदान सिंह, छवि कश्यप, अनायशा सिंह, उदित मौर्य, अलिजा रिजवान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक में स्वीकृति गुप्ता, युवराज सिंह, अग्रिम वार्ष्णेय तथा कक्षा दो से शानवी गुप्ता, आर्यशा, एरिका वार्ष्णेय व मो. शाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एरिका वार्ष्णेय ९९.4 प्रतिशत अंक पाकर ग्रुप टॉपर बनीं। वहीं वैष्णव पाठक ने 100 प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार प्राप्त किया।

मांग | एक ट्रेन के संचालन से जनता खुश, दूसरी के बंद होने पर मायूस

# होली स्पेशल ट्रेन बंद होने से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** रेलवे बोर्ड ने जनता की मांग पर एक माह पहले देहरादून से टनकपुर व राजस्थान के दौराई से टनकपुर के लिए दो ट्रेनों का संचालन शुरू किया था। दोनों ट्रेन सप्ताह में एक दिन आती -जाती थीं। जनता इन ट्रेनों का लाभ ले रही थी। मगर अब रेलवे बोर्ड ने होली पर स्पेशल के नाम से चलाई गई दौराई से टनकपुर के बीच चलने वाली ट्रेन को बंद कर दिया। इससे यात्री परेशान हैं। अब शहर की जनता उस ट्रेन को पुनः चालू करने की मांग कर रही है।

कोरोना संक्रमण काल से बरेली-आगरा कैंट व अमृतसर से हावड़ा के बीच चलने वाली डुप्लीकेट एक्सप्रेस ट्रेन बंद है। इन दोनों ट्रेनों के बंद होने से शहर की जनता सहित आसपास क्षेत्रों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तभी से जनता पुनः ट्रेनों का संचालन प्रारंभ कराने की मांग रेलवे बोर्ड से कर रही है। इसके लिए व्यापारी नेता भी कई रेलवे के अधिकारियों को ज्ञापन भेज चुके हैं।



> शहर का व्यापारी आगरा से जुड़ा हुआ है। पहले आगरा कैंट ट्रेन चलती थी। उसके बंद होने से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ट्रेन का संचालन पुन: शुरू कराया जाए।
>
> **-अनुज वार्ष्णेय,** व्यापारी नेता



> व्यापारिक दृष्टि से चन्दौसी से रोजाना एक ट्रेन का संचालन आगरा के लिए आवश्यक है। हम लगातार रेलवे बोर्ड से मांग कर रहे हैं, आश्वासन तो मिल रहे हैं, मगर ट्रेन का संचालन नहीं हो पा रहा है।
>
> **-शाह आलम मंसूरी,** व्यापारी नेता



> पहले आगरा कैंट व दूसरी एक्सप्रेस ट्रेन बंद कर दी। चन्दौसी से बालाजी के दर्शन के लिए हजारों लोग जाते हैं, जिन्हें ट्रेन के अभाव में आने जाने में परेशानी होती है।
>
> **-शुभम अग्रवाल,** अधिवक्ता



> डुप्लीकेट एक्सप्रेस ट्रेन बंद होने से लोगों को काफी परेशानी हुई थी। सोचा था कि कोरोना काल के बाद फिर से ट्रेन शुरू हो जाएगी। मगर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।
>
> **-मयंक वार्ष्णेय,** अधिवक्ता

### आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने पर दी तहरीर

**संभल/ओबरी, अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी विजय विक्रम सिंह, गांव दबोई कलां निवासी यशदेव, उमेश कुमार, हुकुम सिंह, चौधरी अमरदीप और शकरपुर सोत निवासी चंद्र सिंह ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बाबा अंबेडकर को लेकर सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाकर पोस्ट शेयर की है। जिससे दलित समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है। ग्रामीणों ने युवक के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरे पति श्री राजीव जैन पुत्र सुभाष चंद्र जैन जो कि ग़लत संगत में पड़ गए हैं। जिस कारण तंग आकर पति से संबंध समाप्त कर लिए हैं। मेरे पति श्री राजीव जैन से भविष्य में उनके किसी भी कृत्य, सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यापारिक की मेरी व मेरे परिवार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी। अपने ग़लत कार्यों के लिये श्री राजीव जैन स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। श्रीमती रीता जैन, निवासी ए- 61, लाजपतनगर, निकट बैंक ऑफ़ बड़ोदा, थाना- कटघर, मुरादाबाद।

**आवश्यकता है**

**सहायक प्रवक्ता की**

विषय - हिन्दी

योग्यता- Ph.D या NET

रिजवान गर्ल्स डिग्री कॉलेज

अकबरपुर चैदरी, कांठ,

जिला मुरादाबाद (उ०प्र०)

मोबाइल न० 9917521653, 9917600900

